उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक

बदायूँ अमर प्रभात

बदायूँ, रविवार, 28 अप्रैल, 2024 | विश्वास 40 वर्ष का | वर्ष 41 अंक 277 मूल्य : रुपये 3-00 पृष्ठ-08



यूपी के 10 शहरों में खेला जाएगा लीजेंड्स टेन-10 लीग, टूर्नामेंट से जुड़ेंगे गंभीर-रैना जैस दिग्गज

बीजेपी को वोट देने पर जान से मारने की धमकी, एसएसपी से शिकायत

अनियंत्रित टैंकर ने तीन मासूम भाई बहन को रौंदा, एक भाई की मौत

बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद, www.budaunamarprabhat.com संभल, मुरादाबाद, रामपुर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, हाथरस, आगरा अलीगढ़ में प्रसारित

बड़ी खुशखबरी

ईरान की कैद से जल्द होगी 'भारतीयों' की रिहाई

ईरान बोला-यह हमारे लिए भी गंभीर चिंता का विषय है

तेहरान (एजेंसी)। ईरान ने उस जहाज के क्रू मेंबर को रिहा करने का फैसला लिया है, जिसे उसने दो हफ्ते पहले जब्त किया था। ईरानी मीडिया ने शनिवार को बताया कि जब्त किए गए इजरायल से जुड़े पुर्तगाली झंडे वाले जहाज के चालक दल को कांसुलर पहुंच प्रदान की है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि जल्दी ही सभी को रिहा किए जाएगा। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने 13 अप्रैल को होर्मुज के जलडमरूमध्य में 25 चालक दल के साथ कंटेनर जहाज एमएससी एरीज को जब्त किया था। एमएससी एरीज से एक भारतीय के लौटने के बाद 16 भारतीय क्रू सदस्य हैं। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के

मुताबिक, ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन ने पुर्तगाल के विदेश मंत्रा पाउलो रंगेल के साथ फोन पर लंबी बातचीत की है। उन्होंने पुर्तगाली विदेश मंत्री से कहा कि जहाज के चालक दल की रिहाई का मानवीय मुद्दा ईरान के लिए एक गंभीर विषय है। चालक दल को उनके देशों के राजदूतों के सुपुर्द कर दिया जाएगा। चालक दल को कब रिहा करते हुए राजदूतों को सौंपा जाएगा, इसकी तारीख का रिपोर्ट में खुलासा नहीं किया गया है। भारतीय चालक दल के संबंध में गुरुवार को जानकारी दी थी।

भारत आ रहे जहाज पर लाल सागर में मिसाइल अटैक

रूस से तेल लेकर आ रहा था, हूतियों ने ली हमले की जिम्मेदारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत आ रहे एक जहाज पर शनिवार को लाल सागर में मिसाइल अटैक हुआ है। इसकी जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली है। जहाज का नाम अंड्रोमेडा स्टार बताया गया है। ये तेल लेकर भारत आ रहा था। शिप के मास्टर ने जानकारी देते हुए बताया है कि हमले में जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड के मुताबिक घटना शुक्रवार शाम 5 बजकर 49 मिनट पर हुई। जहाज ब्रिटेन का है, जिस पर एंटीगुआ और बारबाडोस का झंडा लगा था। अटैक के बावजूद जहाज अपने रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इसने रूस के प्रिमोर्स्क से यात्रा शुरू की थी और ये गुजरात के वाडीनार पहुंचने वाला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत आ रहे जहाज पर 2 बार हमले हुए।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा ने गूगल-यूट्यूब को दिए 102 करोड़ के विज्ञापन

- 6 साल में पब्लिश पॉलिटिकल एडवरटाइजमेंट में बीजेपी के 73 फीसदी, सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ कर्नाटक पर खर्च

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा गूगल और यूट्यूब पर विज्ञापन के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली पहली भारतीय पॉलिटिकल पार्टी बन गई है। गूगल की विज्ञापन ट्रांसपेरैंसी रिपोर्ट के मुताबिक, 31 मई 2018 से 25 अप्रैल 2024 तक भाजपा ने 102 करोड़ रुपए विज्ञापन के लिए खर्च किए हैं। पिछले पांच सालों में पब्लिश्ड गूगल विज्ञापन में भाजपा का हिस्सा करीब 26 फीसदी है। इस

दौरान कुल 390 करोड़ रुपए के पॉलिटिकल विज्ञापन पब्लिश हुए हैं। इस दौरान कुल 2.17 लाख ऑनलाइन एड दिए गए हैं। इनमें से कुल 1.61 लाख ऐड (73 फीसदी) राजनीतिक विज्ञापन कैटेगरी के तहत भाजपा के थे। भाजपा ने कर्नाटक में सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ रुपए के एड दिए हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश के लिए पार्टी ने 10.3 करोड़, राजस्थान के लिए 8.5 करोड़ और दिल्ली के लिए 7.6 करोड़ रुपए के विज्ञापन दिए हैं। वहीं, लोकसभा चुनाव 2024 के पहले और दूसरे फेज के दौरान भाजपा से ज्यादा खर्च कांग्रेस ने किया है।

खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल खडूर साहिब से लड़ेगा चुनाव

- मां बलविंदर कौर की घोषणा, असम जेल से पूरी होगी नामांकन प्रक्रिया

अमृतसर (एजेंसी)। खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे मुखी अमृतपाल सिंह जेल में बंद रहते हुए भी लोकसभा चुनाव लड़ेगा। उसकी मां बलविंदर कौर ने अमृतसर के हैरिटेज स्ट्रीट पर चल रहे मोर्चे में ये बात कही

है। अमृतपाल सिंह की मां बलविंदर कौर ने बताया कि जेल से अकेले ही चुनाव लड़ेंगे। इतना ही नहीं, वे किसी पार्टी के साथ नहीं जुड़ेंगे और आजाद ही चुनाव लड़ेंगे। बलविंदर कौर ने बताया कि पंजाब में नशे के मुद्दे को लेकर शुरू हुई जंग वे जारी रहेगी। उन्होंने जानकारी दी कि अमृतपाल सिंह चुनाव लड़ना नहीं चाहता था लेकिन संगत ने उसे चुनाव लड़ने के लिए कहा। जिसके बाद वे चुनाव लड़ने के लिए माना है।

बिहार के सीमांचल से पीएम मोदी ने कर दिया 'खेला'

- चला 'हिंदू' ध्रुवीकरण का दांव, 30 सीटों पर पड़ सकता है सीधा असर,ओबीसी को भी साधा

पटना (एजेंसी)। नरेंद्र मोदी संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने के लिए 400 सीट की मांग कर रहे हैं। सरकार बनाने के लिए तो 273 सीट ही काफी है। ये चुनाव संविधान और देश बचाने का चुनाव है -राहुल गांधी से लेकर तेजस्वी यादव समेत इंडिया गठबंधन के सभी बड़े नेता पीएम नरेंद्र मोदी को इस बयान के माध्यम से घेरने की कोशिश कर रहे थे। पीएम मोदी के खिलाफ विपक्ष का ये दांव कुछ हद तक कामयाब होता भी दिख रहा था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सीमांचल से हिंदू ध्रुवीकरण का नया दांव खेलकर विपक्ष को उन्हीं के अंदाज में जवाब दिया है। शुक्रवार को बिहार के अररिया में चुनावी सभा करने आए पीएम मोदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता खासकर राहुल गांधी बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के संविधान के खिलाफ काम करना चाहते हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर देश में आरक्षण की व्यवस्था करना

चाहती है, जिसका संविधान में कहीं कोई प्रावधान नहीं है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस इसकी शुरुआत कर्नाटक से कर चुकी है।

अब वे कर्नाटक मॉडल को पूरे देश में लागू करना चाहती है। जिसे वे लागू नहीं होने देंगे। पीएम मोदी शुक्रवार के अररिया के फारबिसगंज में आयोजित अपनी चुनावी सभा में लगभग 10 मिनट तक कांग्रेस के कर्नाटक मॉडल को समझाते रहे। पीएम ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने मुसलमानों को रातों-रात ओबीसी का दर्जा दे दिया। चाहे वे किस भी तरह के मुस्लिम हो, सभी को ओबीसी बना दिया गया। इसके बाद ओबीसी के हिस्से का 27 प्रतिशत आरक्षण कांग्रेस की तरफ से मुस्लिमों को भी बांट दिया गया। पीएम ने कहा कि कांग्रेस और राजद मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि कांग्रेस के जिस कर्नाटक मॉडल को उन्होंने अररिया के मंच से समझाया है, उसे भाजपा कार्यकर्ता घर-घर में पहुंचाए। साफ है पीएम राज्य की सभी सीटों पर ध्रुवीकरण का कार्ड खेलना चाहते हैं। दो फेज में बिहार में फिलहाल 9 सीटों पर वोटिंग हुई है, 31 सीटों पर फिलहाल बाकी है। ऐसे में पीएम को ध्रुवीकरण के इस कार्ड का लाभ उन्हें बिहार की 31 लोकसभा सीटों पर मिल सकता है। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी कहते हैं कि पहले विपक्ष ने जिस तरीके से विकास के मुद्दे को डायवर्ट कर संविधान और आरक्षण के खतरे की बात को दोहरा कर मुस्लिम वोटों को गोलबंद करने की कोशिश की।

महाराष्ट्र में मुस्लिमों को टिकट न देकर फंसी कांग्रेस

- अपने ही कर रहे हंगामा,स्टार प्रचारक ने दिया इस्तीफा

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की तरफ से लोकसभा चुनाव में कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार न उतारने पर हंगामा मचा हुआ है। इसे लेकर कांग्रेस नेता मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने पार्टी के स्टार प्रचारक पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद मीडिया ने बातचीत में उन्होंने कहा, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर उन्हें मैं इस बारे में बताऊंगा। आप जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी की एक विचारधारा और नीति रही है। चाहे लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव हो... हर जाति और धर्म के लोगों को प्रतिनिधित्व देने की कांग्रेस की नीति रही है।

बैलेंस बिगड़ने से 'दीदी' के साथ फिर हुई अनहोनी

हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त गिरीं सीएम ममता बनर्जी

दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर से सफर के दौरान हुआ हादसा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी फिर घायल हो गईं। दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर से सफर के दौरान हादसा हो गया। वह लड़खड़ाकर हेलीकॉप्टर के अंदर गिर गईं। आज उनके कुल्टी और आसनसोल साउथ में दो प्रचार कार्यक्रम थे। उन्होंने मंदिर तक पहुंचने के लिए दुर्गापुर से हेलीकॉप्टर लिया। वह हेलीकॉप्टर पर चढ़कर अपनी सीट पह पहुंचने ही वालीं थीं कि अचानक नीचे गिर गईं। हालांकि मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में कामयाब रहीं। ममता के साथ मौजूद एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ठीक हैं। संयोग से ममता बनर्जी डेढ़ महीने पहले घायल हो गई थीं। तब वह घर पर ही गिर गईं थीं। उनके सिर पर जख्म हुआ था। इसके बाद उन्हें 14 मार्च को अस्पताल ले जाया गया। ममता बनर्जी को एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और अनुयायियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। घाव पर टांके लगाए गए। वह काफी समय तक डॉक्टरों की निगरानी में थी। हालांकि घर पर

गिरने को लेकर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने ममता बनर्जी के घर का दौरा किया। बंगाल में दो चरण के चुनाव हो चुके हैं। अभी पांच दौर का चुनाव बाकी है। ममता बनर्जी प्रचार मैदान में नजर आ रही हैं। वह उत्तर बंगाल से शुरू कर राज्य के सभी जिलों में प्रचार कर रही हैं। शनिवार को उनका अभियान आसनसोल से तृणमूल उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में था। घटनास्थल पर जाते समय हादसा हो गया। हालांकि ममता बनर्जी कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में कामयाब रहीं। आज की बैठक में ममता बनर्जी ने कई मुद्दों को लेकर बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चाहे यहां चॉकलेट बम ही क्यों न फूट जाए, फिर भी सीबीआई, एनआईए, एनएसजी की क्या जरूरत है! राज्य पुलिस को सूचित नहीं कर रहे हैं। कहां से क्या बरामद हुआ। कोई नहीं जानता। शायद वे कार से दिखा रहे हों। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि वे उस कमरे में थे।

ओएसडी की चाल में फंसे गहलोत की मुश्किलें बढ़ना तय

- भजनलाल सरकार कराएगी फोन टैपिंग प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच!

जयपुर/जोधपुर (एजेंसी)। पूर्ववर्ती सरकार में हुए फोन टैपिंग मामले में अब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत घिरते जा रहे हैं। गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा की ओर से 24 अप्रैल को फोन टैपिंग को लेकर किए गए खुलासे के बाद अब पूर्व सीएम मुश्किलें बढ़ सकती है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर फोन टैपिंग प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग उठाई गई है। राठौड़ ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के फोन टैप होना एक बेहद गंभीर मामला है।

कांग्रेस बोली-भाजपा के पाखंड की सीमा नहीं

पहले 2 जी स्पेक्ट्रम आवंटन को घोटाला कहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की 2जी स्पेक्ट्रम पर सुप्रीम कोर्ट से फैसले में बदलाव की मांग को पाखंड बताया है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा के पाखंड की कोई सीमा नहीं है, क्योंकि एक तरफ उसने यूपीए सरकार में हुए 2जी स्पेक्ट्रम के सरकारी आवंटन को घोटाला कहा था। वहीं, दूसरी तरफ अब नरेंद्र मोदी सरकार नीलामी के बिना स्पेक्ट्रम देने के लिए सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मांग रही है। कांग्रेस का यह बयान तब आया है जब केंद्र सरकार ने 22 अप्रैल को 2 जी स्पेक्ट्रम मामले में अपने फैसले में बदलाव के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि देश के प्राकृतिक संसाधनों को हैंडओवर या अलग करते समय नीलामी का रास्ता अपनाना राज्य का कर्तव्य है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार और भ्रष्ट जनता पार्टी का पाखंड कोई सीमा नहीं रखता। डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान उन्होंने हर किसी से कहा कि 2जी स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन एक घोटाला था। अब, वे इससे उलट तर्क दे रहे हैं।

- अब खुद ही नीलामी सिस्टम को हटाना चाहती है

रामबन में 'लैंडस्लाइड' और नैनीताल में 'आग' से बिगड़े हालात

प्राकृतिक आपदा

काबू पाना हो रहा मुश्किल, एनडीआरएफ के साथ सेना का भी मिला साथ

रामबन में अब तक 30 घर टूटे, 55 परिवारों का रेस्क्यू

रामबन (एजेंसी)। जम्मू में रामबन-गूल रोड पर गुरुवार की शाम से लैंड स्लाइड हो रहा है। करीब 1 किलोमीटर तक की जमीन धंसने के बाद रामबन से 6 किलोमीटर दूर पेरनोट गांव में करीब 30 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लैंड स्लाइड के

- एक किमी के इलाके में जमीन धंसी,यहीं से निकलती है अमरनाथ यात्रा

बाद स्थानीय प्रशासन ने 55 परिवारों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है लेकिन इलाके में हो रही बारिश के कारण हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने जा रही है। ऐसे में रामबन में लैंड स्लाइड की घटना यात्रा पर असर डाल सकती है। काफिला जम्मू के भगवती नगर

बेसकैंप से ऊधमपुर, पटनीटॉप से रामबन होते हुए अनंतनाग तक जाता है। घटना के कारण इलाके में बिजली सप्लाई ठप हो गई और 60 हजार से ज्यादा लोगों का मुख्य शहर से संपर्क टूट गया है। मकानों में दरारें आने के बाद लोगों का रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। रामबन के डीसी बसीर-उल-हक चौधरी ने बताया है कि ग्रिड स्टेशन के लैंड स्लाइड में ढह जाने के बाद से जिले में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। रामबन-गूल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। परनोट गांव के लोगों का कहना है कि जमीन धंसने के कारण फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

नैनीताल के जंगलों में लगी आग अब हुई बेकाबू

मदद के लिए जमीन पर उतरी सेना, हेलीकॉप्टर भी बुलाए गए

नई दिल्ली (एजेंसी)। नैनीताल के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो गई है, आग की लपटें हाई कोर्ट कॉलोनी तक पहुंच चुकी है, जमीन परर बुरा हाल चल रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सेना को बुला लिया गया है, हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल भी शुरू हो चुका है। अभी बताया जा रहा है कि नैनीताल के भवाली रोड पर जंगलों में जो आग लगी है, उस पर काबू नहीं पाया जा सका है। प्रशासन के सामने इस समय सबसे बड़ी चुनौती ये है कि तेज हवाएं लगातार चल रही हैं और हवा की वजह से ही आग की लपटें दूसरे इलाकों तक पहुंच रही हैं। ऐसी जानकारी मिल रही है कि अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो ये सेना के क्षेत्र में भी पहुंच सकती है, इसी वजह से आर्मी जमीन पर पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है और आग पर काबू करने की कोशिश कर रही है। इस जंगल वाली आग के कई वीडियो भी सामने आए हैं जिनमें देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर के जरिए पानी छिड़का जा रहा है और उस आग को बुझाने का प्रयास है। बताया जा रहा है कि भीमताल झील से पानी लेकर इस समय आग बुझाई जा रही है।

– : वेदोपदेश :–

ओइम भोग्यो भवदथो अन्नमदद् बहु।
यो देवमुत्तरावन्तमुपासातै सनातनम्।।

भावार्थ :–जो महानुभाव, उस परम प्यारे सर्वगुणालंकृत सनातन परमात्मा की प्रेम से भक्ति करता है वही भाग्यवान है, उसी को परमात्मा, अन्नादि भोग्य पदार्थ प्राप्त कराता है, वह महापुरूष अन्नादि पदार्थों को अतिथि आदि के सत्कार रूप परोपकार में लगाता हुआ और आप भी उन पदार्थों को भोगता हुआ सुखी होता है।

सम्पादकीय

मणिपुर में मानवाधिकार

अपने संप्रभु क्षेत्र में अराजकता पर काबू पाने और लोगों के अधिकार को सुनिश्चित करने की कोशिश करती है। मगर कुछ खास मामलों को आधार बना कर अगर किसी अन्य देश का कोई समूह मानवाधिकार हनन के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसे उचित नहीं कहा जा सकता। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में मणिपुर सहित अन्य इलाकों में मानवाधिकार हनन के मामले बढ़े हैं। कुछ गिन-चुने मामलों को आधार बना कर किसी देश की मंशा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता।

वह भी तबए जब भारत सरकार हिंसा से प्रभावित तबकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाती है। इस तरह नाहक दखलअंदाजी की वजह से अगर भारत की छवि पर असर पड़ता है तो उसकी भरपाई कौन करेगा। यह बेवजह नहीं है कि गुरुवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी रिपोर्ट को बेहद पक्षपातपूर्ण करार दिया और कहा कि इसके जरिए देश की नकारात्मक छवि पेश की जा रही है और यह भारत के प्रति खराब समझ को दर्शाता है। विचित्र है कि दुनिया भर में इस तरह की आवाजें उठती रही हैं कि अमेरिकी नीतियों की वजह से कई देशों में मानवाधिकारों को काफी नुकसान पहुंचा है। मगर आए दिन किसी अमेरिकी समूह की ओर से मानवाधिकारों का सवाल उठा कर विकासशील देशों को कठघरे में खड़ा किया जाता है। जहां तक भारत का सवाल है, कुछ जटिल स्थितियां पैदा होती हैं, तो उन पर काबू पाने और आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार बातचीत सहित अन्य जरूरी तौर-तरीके अपना कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करती है। भारत अपनी मुश्किलों को दूर करने में सक्षम है और यहां लोकतंत्र की जड़ें इसीलिए गहरी हैं।

विचारकण

1- प्रेम प्रसन्नता देता है।
2- प्रभु प्रेम अनन्त रस प्रदान करता है।
3- स्वत: सिद्ध तथ्य को प्रमाण की आवश्यकता नही है।
4- प्रभु की स्मृति दुराचार दुगुणों का विनाश करती है।
5- आत्मा को जान कर व्यक्ति महान सामर्थ्यवान हो जाता है।

आचार्य वेदव्रत आर्य

आज का राशिफल

मेष आज रुपये-पैसे के मामले में शुभ योग बने हुए हैं और आज आपके लिए उच्च पद की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

तुला संभलकर कार्य करने की जरूरत है। दूसरे लोगों के वजह से किसी मामले में असहज हो जाएंगे।

वृषभ आज आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। भाग्य साथ देगा। परिवार में सुख शान्ति के योग हैं।

वृश्चिक आज शुभ योग बन रहे हैं और आज आपकी किस्मत चमकने वाली है।

मिथुन नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति के योग बने हुए हैं। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा।

धनु आज आर्थिक मामलों में शुभ योग बन रहे हैं और आपके भाग्य में वृद्धि होने से मन में प्रसन्नता रहेगी।

कर्क आज शुभ योग बन रहे हैं। आज आपको किसी जरूरी कार्य से यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

मकर आज मान प्रतिष्ठा में वृद्धि हो रही है। ग्रहों के शुभ प्रभाव से आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी।

सिंह आज आपके मन में प्रसन्नता रहेगी। जरूरी कार्य को पूरा करने की वजह से व्यस्तता रहेगी।

कुंभ आज का दिन सफलता से भरा होगा और कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

कन्या आज लाभ का दिन है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी और आय में वृद्धि होगी।

मीन आज का दिन मिश्रित रूप से फालकारक रहेगा। संपत्ति के सुधार व रख रखाव में खर्च बढ़ेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक आचार्य वेदव्रत आर्य द्वारा वेदानु प्रेस निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूं से मुद्रित एवं निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ बदायूं से प्रकाशित। आर० एन० आई० नं०–43123/84।
डाक पंजीयन सं० G-25/Regd. / BDN-17/06-07/31.12.09
फोन नं०-05832-266581 Website -www. budaunamarprabhat.com, E-Mail- editoramarprabhat@gmail.com

वर्षा पर मेहरबानी से खफा नसीम खान

(अशोक त्रिपाठी-हिफी फीचर)

चुनाव के समय नेताओं का एक दल से दूसरे दल में जाना और टिकट न मिलने पर नाराज होना दैनिक क्रिया बन जाता है। इसी क्रम में महाराष्ट्र में आजकल जमकर तमाशा हो रहा है। महा विकास अघाड़ी गठबंधन (एमवीए) में सबसे ज्यादा बिखराव हुआ है। इसी क्रम में उत्तर मुंबई से कांग्रेस के बड़े नेता नसीम खान को टिकट नहीं दिया गया है जबकि उनकी जगह वर्षा गायकवाड़ को प्रत्याशी बनाया गया है। इससे नसीम खान का खफा होना स्वाभाविक है और इसे कांग्रेस की मुस्लिम नीति से जोड़ा जा रहा है। नसीम खान राज्य में कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और पूर्व मंत्री भी रहे हैं। अपने साथ हुए इस प्रकार के अन्याय से नाराज होकर नसीम खान ने चुनाव प्रचार से इनकार कर दिया है। उधर, हिमाचल में भाजपाई इसलिए खफा हैं क्योंकि कांग्रेस के बागियों को ज्यादा तवज्जो मिल रही है।

लोकसभा चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट न मिलने से महाराष्ट्र कांग्रेस नेता की नाराजगी सामने आई है। मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने राज्य में किसी भी मुस्लिम नेता को टिकट न देने पर नाराजगी जताते हुए कांग्रेस की प्रचार अभियान समिति से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी पंमुख मल्लिकार्जुन खरगे को चिट्ठी लिखकर कहा कि वह लोकसभा चुनाव के लिए पंचार नहीं करेंगे, क्योंकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गुट ने कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा है। पूर्व राज्य मंत्री ने लिखा, महाराष्ट्र की कुल 48 लोकसभा सीटों में से एमवीए ने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को नॉमिनेट नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पूरे महाराष्ट्र के कई मुस्लिम संगठन, नेता और पार्टी कार्यकर्ता उम्मीद जता रहे थे कि कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय से कम से कम एक उम्मीदवार को जरूर नामांकित करेगी, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ।

मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने कहा कि सभी पार्टी नेता और कार्यकर्ता अब उनसे पूछ रहे हैं, कांग्रेस को मुस्लिम वोट चाहिए, उम्मीदवार क्यों नहीं। उन्होंने खरगे को लिखी चिट्ठी में कहा, इन सभी वजहों से मैं मुसलमानों का सामना नहीं कर पाऊंगा और मेरे पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से वह महाराष्ट्र कांग्रेस अभियान समिति से भी इस्तीफा दे रहे हैं। कांग्रेस महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 17 पर शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरदचंद पवार) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। दोनों ही विपक्षी गुट महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा हैं। बता दें कि मोहम्मद आरिफ खान मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से टिकट की दौड़ में थे, लेकिन पार्टी ने इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए शहर यूनिट पेंसिडेंट वर्षा गायकवाड़ को मौका दे दिया। आरिफ ने 2019 का विधानसभा चुनाव मुंबई के चांदीवली से लड़ा था, जहां वह 409 वोटों से हार गए थे।

आरिफ नसीम खान ने कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस समावेशिता की अपनी लंबे समय से चली आ रही विचारधारा से भटक गई है। सीनियर कांग्रेस नेता ने कहा कि उनके पास अल्पसंख्यकों का पंतिनिधित्व करने वाले संगठनों और इन सामाजिक समूहों के पार्टी कार्यकर्ताओं के फोन आए, जिसमें पूछा गया कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र में चुनाव के लिए टिकट देते समय उन्हें नजरअंदाज क्यों किया। नाराज आरिफ का कहना है कि वह इस सवाल का सामना नहीं कर सकते कि अल्पसंख्यक समूहों के साथ अन्याय क्यों किया गया है। पार्टी अपनी समावेशी विचारधारा और सभी समुदायों को पंतिनिधित्व देने से भटक गई ह ै ।

नसीम खान मुंबई में कांग्रेस के बड़े नेता हैं। पांच बार विधानसभा चुनाव लड़े हैं और चार बार जीते हैं। दो बार महाराष्ट्र में मंत्री रहे हैं। वे मुंबई और महाराष्ट्र कांग्रेस का मुस्लिम चेहरा भी हैं और इस बार मुंबई उत्तर-मध्य लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवारी चाहते थे।नसीम खान का विधानसभा क्षेत्र भी इसी लोकसभा क्षेत्र में आता है। उन्हें उम्मीद थी कि कांग्रेस ने इस बार महाराष्ट्र में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं दिया है, इसलिए उन्हें उत्तर-मध्य सीट से मेरिट के आधार पर टिकट दिया जाएगा। लेकिन कांग्रेस ने उनकी जगह मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड को उम्मीदवारी दे दी, जबकि वर्षा गायकवाड मूल रूप से दक्षिण-मध्य सीट से उम्मीदवारी पाने की इच्छुक थीं। जब उद्धव ठाकरे ने दक्षिण-मध्य में अनिल देसाई को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया तो वर्षा गायकवाड नाराज हो गईं। उनकी नाराजगी को दूर करने के लिए पार्टी ने उन्हें उत्तर-मध्य का टिकट थमा दिया लेकिन पार्टी का यह फैसला नसीम खान को रास नहीं आया। मुंबई और महाराष्ट्र में मुसलमानों और उत्तर भारतीयों की राजनीति करने वाले नसीम खान के लिए अपने समर्थकों को जवाब देना मुश्किल हो रहा था।

कांग्रेस के बागी भाजपा प्रत्याशियों को विशेष सुरक्षा

हिमाचल पंदेश में कांग्रेस के बागी 6 भाजपा पंत्याशियों का सुरक्षा घेरा और बढ़ाया जा सकता है। भाजपा में शामिल होने के बाद छह बागियों को पंत्याशी बनाए जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं और पूर्व पंत्याशियों में रोष है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी पार्टी छोड़ने पर इनके पंति गुस्सा है। ऐसे में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव पंचार के दौरान इनके साथ केंदीय रिजर्व पुलिस के चार जवान साथ रहेंगे। इन बागी विधायकों के साथ चौबीस घंटे सीआरपीएफ के जवान तैनात रहेंगे। अभी एक समय में दो सीआरपीएफ के जवान इनके साथ लगाए गए हैं।लाहौल स्पीति के बागी कांग्रेस विधायक रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल होने और पंत्याशी बनाए जाने से भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। भाजपा के पूर्व पंत्याशी डॉ-रामलाल मारकंडा ने निर्दलीय या फिर कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने की बात कही है। वहीं कुटलैहड़ के पूर्व भाजपा पंत्याशी और वरिष्ठ नेता वीरेंद कंवर के समर्थकों में भी गुस्सा है। इस सीट पर होने जा रहे उपचुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के बागी विधायक भुट्टो को पंत्याशी बनाया गया है। वीरेंद कंवर कह चुके हैं कि वे पार्टी का सम्मान करते हैं लेकिन कार्यकर्ताओं में रोष है।।कांग्रेस पार्टी के बागी विधायकों को उपचुनाव में भाजपा के पंत्याशी बनाए जाने से भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में टकराव की स्थिति बनी हुई है।

भाजपा ने हिमाचल में लोकसभा और उपचुनाव में पंत्याशियों की घोषणा कर दी है लेकिन कांग्रेस पार्टी की ओर से इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पंत्याशियों के नाम फाइनल नहीं हुए थे। (हिफी)

बारिश और भीगता अनाज

(अशोक त्रिपाठी-हिफी फीचर)

ऐसा नहीं कि बारिश सिर्फ मुंबई या फिल्मों में अच्छी लगती है बल्कि तपती धरती को इसी से राहत मिलती है। वारिश से मौसम सुहावना हो जाता है। मन-मयूर नृत्य करने लगता है। इस बार तो मार्च से ही सूर्य देव अपना तेज दिखाने लगे थे और कई वर्षो के बाद मार्च-अप्रैल में इतनी गर्मी पड़ी है। ऐसे मौसम में इन्द्रदेव की अनुकम्पा हो जाए और झमाझम वारिश होने लगे तो आनंद का माहौल बनना स्वाभाविक है। गत दिनों हरियाणा के टोहाना में मौसम ने अचानक करवट ली और जोर की बारिश हुई। इसी के साथ एक परिदृश्य ने मन को झकझोर भी दिया। इसी वारिश में सैकड़ों बोरा गेहूं भीग गया। काफी गेहूं खुले में पड़ा था उसे भी सुरक्षित स्थान पर नहीं रखा जा सका। इन दिनों देश भर में लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं और सरकारी मशीनरी उसी में व्यस्त है लेकिन इसी के साथ देश की मुख्य फसल गेहूं की कटान और सरकारी खरीद भी हो रही है। खेत में खड़ा गेहूं अगर भीग गया तो कोई हानि नहीं है लेकिन सरकारी खरीद का खुले में रखा और बोरों में भरा गेहूं भीग गया है जो सुखाया न गया तो सड़ जायेगा। अनाज को हम भारतीय देवता मानते हैं। फसल तैयार होने पर पूजा की जाती है लेकिन सरकारी अमला उसी अन्न देवता के साथ कितनी लापरवाही बरत रहा है, इसकी यह एक बानगी है। वर्षा अभी शुरू नहीं हुई है और उत्तर भारत में गेहूं को सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। एक रिपोर्ट के अनुसार डेढ़ करोड़ टन अनाज सालाना बरबाद हो जाता है। उधर, 19 करोड़ लोग भूखे सोने को विवश हैं।

सच यह है कि भारत में आज भी लापरवाही से अनाज का भण्डारण किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हर साल लगभग 11 से 15 प्रतिशत अनाज नष्ट हो जाता है। हमारे देश में कभी बोरों में या कभी खुले में आसमान के नीचे अनाज डाल दिया जाता है। वारिश तो कभी भी हो सकती है जैसा हरियाणा में हुआ तो क्या हम गेहूं को ऐसे ही भिगोकर नष्ट होने देंगे। चुनाव का मतलब लापरवाही तो नहीं है।

हरियाणा में मौसम ने करवट ली है। पंदेश में मौसम सुहावना हुआ है। पंदेश के कई जिलों बारिश हुई है। सूबे के पंचकूला और फतेहाबाद सहित अन्य इलाकों में बारिश हुई है। फतेहाबाद में बारिश के चलते मंडियों में गेंहू की फसल पर पानी फिर गया। यहां पर मंडी पानी से भर गई और गेंहू की बोरियां भीग गईं। फतेहाबाद के टोहाना और जाखल में तेज हवाओं के साथ कुछ ही मिनट हुई बरसात के कारण मंडियों में पड़ा गेहूं पूरी तरह से भीग गया। मौसम इतनी तेजी से बदला कि किसानों और व्यापारियों को फसल को ढकने तक का मौका नहीं मिला। मंडी में अनाज से भरे बैग,खुले में पड़ा गेहूं और सरसों की फसल भीग गई। मंडी में अपनी फसल लेकर आए किसानों ने खरीद एजेंसियों और पंशासन को लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया है। किसानों और व्यापारियों का कहना है कि खरीद एजेंसियां पहले तो समय पर उनके अनाज की खरीद नहीं कर रहीं, जितने अनाज की खरीद की गई है। उसका उठान नहीं हो रहा, जिसके कारण मंडी पूरी तरह से अनाज से भरी पड़ी है। अगर समय पर उठान हो गया होता तो उनकी फसल और मेहनत यूं ही जाया नहीं जाती। चंडीगढ़ के मौसम विज्ञान केंदं के डायरेक्टर एके सिंह ने बताया कि 26 अपैंल के बाद से तीन-चार दिन वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते मौसम खराब होगा। विभाग की तरफ से येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस दौरान चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा में येलो अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते तेज हवाएं और बारिश होगी। खासकर नॉर्दर्न पार्ट में इसका असर ज्यादा देखने को मिलेगा। इसमें अमृतसर पठानकोट गुरदासपुर रोपड़ के साथ-साथ हरियाणा के कई

जिले शामिल है। चंडीगढ़ में बारिश होगी। इसलिए प्रशासन को सतर्क रहना है।

हरियाणा में किसानों की परेशानियां बढ़ती जा रही है। मौसम खराब होने के कारण किसानों की फसल बारिश में भीग रही है। उधर मंडी में अनाज का उठान धीमी पंक्रिया से हो रहा है। आलम ये है कि हजारों टन गेहूं और सरसों बर्बाद हो रहा है। चरखी दादरी- हरियाणा सरकार ने भले ही

किसानों से गेहूं के दाने-दाने की खरीद के दावे किए हों, लेकिन मंडी में गेहूं उठान की धीमी पंक्रिया के चलते जमीन पर अन्न का अनादर हो रहा है। मंडी के चारों तरफ सड़क पर ही गेहूं और सरसों बिखरा पड़ा है। इस पर दिनभर किसानों के वाहन गुजर रहे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के चलते सरसों भीग गयी और गेहूं की गुणवत्ता में खासी कमी आई है। हालात ऐसे हो गए हैं कि गेहूं के लोथड़े बन गए हैं।

आढ़तियों ने फसल उठान कंपनी के अलावा अधिकारियों की कार्यपंणाली पर भी आरोप लगाए हैं। वहीं, मंडी का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी के सामने आढ़तियों ने अपना दुखड़ा सुनाया। आईएएस देवेंद सिंह ने अधिकारियों को व्यवस्था बारे दिशा-निर्देश दिए हैं। बाढड़ा बस स्टैंड में अस्थाई मंडी का भी समाधान करने की बात कही है। खरीद एजेंसियों और अधिकारियों की लापरवाही के चलते दादरी की मंडी में अन्न का अनादर हो रहा है। मंडी में हजारों टन गेहूं खुले में पड़ा है, तो कहीं पर जगह नहीं होने के कारण किसान सड़कों पर ही फसल डालने को मजबूर हो रहे हैं। हालात ऐसे बने हुए हैं कि मंडी में चारों तरफ अनाज के ढेर लगे हैं। ऐसे में खरीद पंक्रिया पर भी खासा असर पड़ रहा है। मंडियों में अनाज डालने के लिए किसानों के साथ आढ़तियों को भी काफी परेशानी हो रही है। आढ़ती एसोसिएशन के पंधान रामकुमार रिटोलिया ने मंडी अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों की लचर पंणाली व उदासीन रवैये के चलते आढ़तियों को काफी नुकसान हो रहा है। आढ़तियों ने कहा कि समय पर उठान नहीं हुआ तभी बारिश से गेहूं को नुकसान हुआ है। उठान एजेंसी द्वारा सिर्फ फॉर्मेलिटी की जा रही है। अगर ऐसा ही रहा तो बारिश होने पर काफी नुकसान हो सकता है।

सबको पता है कि हर गर्मियों में मौसम बिगड़ना और बारिश हो जाना अब बेहद आम हो गया है। बीते कुछ दशकों से तमाम पर्यावरणीय विक्षोभ यही बताते हैं लेकिन हमारी सड़ांध मारती अनाज भण्डारण व्यवस्था कहें या लीपापोती का जुगाड़ हर बार हजारों मीट्रिक टन अनाज खुले आसमान के नीचे भिगाकर ऐसा खराब करती है कि पशुओं का निवाला तक नहीं बन पाता। जिम्मेदार बड़ी ही आसानी से सारा दोष बेमौसम बारिश के मत्थे मढ़ बच जाते हैं जो खुद की बुलाई आपदा के असल दोषी होते हैं। मिट्टी में मिलती है किसान की मेहनत जिसने बड़ी लगन से फसल को उगाया और मण्डियों तक पहुंचाया था और शुरू हो जाता है कागजों में साफ-सफाई का दौर। आखिर में सारा कुछ बेमौसम बारिश के मत्थे मढ़ लीपापोती कर बस्ता बन्द कर दिया जाता है। देश में अनाज को सुरक्षित रखा जाना कभी किसी की पंथमिकता में रहा हो, ऐसा भी नहीं दिखा! बीते पखवाड़े से अब तक देशभर में खुले आसमान के नीचे रखा न जाने कितने लाख टन गेहूं असमय हुई बारिश से भीगा। (हिफी)

आपके सुझाव हमें और उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देते हैं, तभी हमें आपके सुझावों का इंतजार रहता है। सुझाव के साथ आप समाचार पत्र में और क्या बदलाव चाहते हैं, साथ ही आपको हमसे किसी तरह की शिकायत भी हो, तो तत्काल पत्र द्वारा सूचित करें। आपके आसपास कोई समस्या हो और कोई सुनने-देखने वाला न हो, उसे भी तत्काल लिख भेजें। हम उसे प्रमुखता से यहां
कार्यालय 'बदायूँ अमर प्रभात'
निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूं

वैचारिक क्रान्ति के लिए सत्यार्थ प्रकाश पढ़ें।

जब आप निकले ही हैं ...

दृष्टि और दिशाएं बदलिए
समय की परिभाषाएं बदलिए
जब आप निकले ही हैं
क्षितिज की परिकल्पनाएं बदलिए
चाल और चलन से
दाम और दमन से
नाम और नमन से
इतिहास बनते-बिगड़ते
देखते लोगों की भीड़ से
जब आप निकले ही हैं
भविष्य की संभावनाएं बदलिए
जानते हैं ठगे जा रहे फिर भी ठगा रहे
मानते हैं मृतक है फिर भी जगा रहे
रस्म निभाना आसान है
आंसू बहाना आसान है
दुख में डूबना-उतराना आसान है
सोने के लिए समतल सतह नहीं
नीद जरूरी है मेरे भाई
जब आप निकले ही हैं
रोने की प्रथाएं बदलिए
रावण को कब किसने मारा
दुर्योधन कब किससे हारा
कैकई के गाल अब भी क्यों फूले हैं
सर से नितंब तक द्रोपदी के बाल
अब भी क्यों खुले हैं
सुनिए राम ! सुनिए
भीम !
इति को ..
जब आप निकले ही हैं
इत्यादि की प्रत्यंचाएं

– डॉ एम डी सिंह

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5353

	5				4		6	
3				6	8	2		
4	6			9				1
					1		4	
	3	4		5		7	2	
	9		2					
6				8			7	9
		9	3	2				8
	7		9				5	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5352

3	2	6	8	4	5	1	7	9
4	8	7	6	1	9	5	2	3
9	1	5	7	2	3	6	8	4
7	9	2	5	6	8	4	3	1
6	4	8	3	9	1	7	5	2
1	5	3	4	7	2	8	9	6
2	6	1	9	5	7	3	4	8
8	7	4	2	3	6	9	1	5
5	3	9	1	8	4	2	6	7

वर्ग पहेली 5353

संकेत: बाएं से दाएं
1. भारत के इस पडौसी देश में 6 जून 1995 को बाल अपराध अथवा उनकी फांसी की सजा प्रतिबंधित की गई (4)
4. माता सरस्वती का एक नाम (3)
6. जमीन से उगने वाला पेड़, पौधे आदि (4)
8. सुखभोग, चसका (2)
9. पार लगना, उद्धार होना (4)
11. अनुराग, प्रेम, लालसा (2)
12. केकड़ा, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
13. काव्यमर्मज्ञ, रस लेने वाला (3)
14. पश्चिम अफ्रीका के दश सेनेगल की यह राजधानी है, उर्ध्ववायु को मुंह से निकलती है (3)
16. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)
17. जबड़े की हड्डी (2)
18. जामन डालकर जमाया हुआ दूध (2)
19. सप्ताह का दिन प्रहार करने की क्रिया (2)
20. शक, संदेह, भ्रम (2)
21. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
22. विस्तार पूर्वक कथन (3)

ऊपर से नीचे
1. कुंती का एक नाम पृथा भी था इसलिए अर्जुन का एक नाम यह भी है (2)
2. स्तुति करने वाला (3)
3. महिला ईसाई पादरी यह कहलाती है (2)
4. काइंया, चालाक (3)
5. गर्म धातु से शरीर पर निशान लगाना (3)
7. अग्नि की चिंगारी को यह अंग्रेजी में कहते है (3)
8. पतिव्रता (उर्दू) (6)
10. फागुन की पूर्णिमा को होने वाला हिंदुओं का एक त्यौहार, होली (6)
12. क से ह तक की वर्णमाला (4)
15. महादयाल, कृपा, दया करने वाला (3)
16. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो , साक्षी (3)
20. अक्षर, जाति, रंग (2)

वर्ग पहेली 5352 का हल

सा	नि	या	मि	र्जा		बु	ध
ब	दा		ल		सा	ज	न
र	न	क	ना			दि	वा
म		र्म		फि	स	ल	न
ती	ज		आ	रो	ही		
	या		ग	जा		स	जा
	प्र	जा		बा	हु	ब	ली
कु	दा	ल		द		ब	

नेश्रा कुमानन ने नौकायन में भारत का दूसरा पेरिस 2024 कोटा हासिल किया

हायरेस, एजेंसी। भारत की नेश्रा कुमानन ने फ्रांस में आईएलसीए 6 श्रेणी में लास्ट चांस रेगाटा के पांचवें दिन पांचवें स्थान पर रहने के बाद नौकायन में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया। नेश्रा ने 69 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रही। नेश्रा ने ईएनपी (इमर्जिंग नेशन प्रोग्राम कोटा) जीता जो शीर्ष 3 के बाद सर्वश्रेष्ठ ईएनपी नाविक को दिया जाता है। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में विश्व चैम्पियनशिप 2024 में विष्णु सरवनन द्वारा नौकायन में देश का पहला पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद, नौकायन में भारत के लिए यह दूसरा ओलंपिक कोटा होगा। 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए ओलंपिक क्वालीफायर इवेंट में सीधे नौकायन में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के बाद नेश्रा के लिए यह लगातार दूसरा ओलंपिक होगा।

टी-10 लीग

यूपी के 10 शहरों में खेला जाएगा लीजेंड्स टेन-10 लीग, टूर्नामेंट से जुड़ेंगे गंभीर-रैना जैस दिग्गज

नई दिल्ली, एजेंसी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टेन-10 लीग अपना महाअभियान शुरू करने के लिए तैयार है। टेनिस बॉल से खेले जाने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में 80 टीमों और 1280 खिलाड़ियों की भागीदारी होने वाली है। उत्तर प्रदेश के दस स्थलों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़ और मेरठ में लीग के 300 मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक टीम में एक लीजेंड मेंटर होगा।

ये दिग्गज क्रिकेटर होंगे टूर्नामेंट का हिस्सा

प्रतिभागी टीमों से गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, क्रिस गेल, इरफान पठान, सुरेश रैना, ब्रेट ली, मोहम्मद कैफ, रोबिन उथप्पा और शेन वॉटसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी जुड़ेंगे। इस पहल का उद्देश्य क्रिकेटरों को केंद्र सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस पर ध्यान देने, क्रिकेट के कौशल को निखारने और खेल भावना का विकास करना है।

समाज में योगदान देने पर विश्वास

टेन-10 लीग के बारे में एलएलसी के सह-संस्थापक रमन रहेजा कहते हैं कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट समाज में योगदान देने में विश्वास रखता है। यह भारत सरकार की पहल फिट इंडिया का हिस्सा बन गया है। हम हर उम्र और हर तबके के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने चाहते हैं ताकि वे क्रिकेट के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। उन्हें क्रिकेट के गुरुओं के मार्गदर्शन में शामिल कर हम उन्हें कौशल और फिटनेस बढ़ाने का अवसर दे रहे हैं।

बेहतरीन क्वालिटी के साथ स्ट्रीम होंगे मैच

उन्होंने बताया कि सभी प्रमुख स्पोर्ट्स ओटीटी पर बेहतरीन प्रोडक्शन क्वालिटी के साथ पूरा टूर्नामेंट स्ट्रीम किया जाएगा। नई प्रतिभाओं को पूरी दुनिया में पहुंच और पहचान मिलेगी। नई हाइपर लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में उम्र की सीमा नहीं रहेगी। किसी को भी प्रीमियम क्रिकेट खेलने का मौका मिल सकता है। टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के लिए उनके पसंदीदा दिग्गज खिलाड़ियों के साथ मिलने और जुड़ने का एक बड़ा अवसर होगा।

पर्यटकों के लिए 1 मई से बंद होगा धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

नईदिल्ली, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों की तैयारियों के चलते धर्मशाला स्टेडियम में 1 मई से पर्यटकों का प्रवेश रहेगा। अब मैचों के बाद ही बाहरी राज्यों और प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले पर्यटकों को स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। धर्मशाला स्टेडियम में 5 और 9 मई को आईपीएल मैच खेले जाने हैं। 5 मई को पंजाब किंग्स इलेवन और चेन्नई सुपर किंग के बीच मैच खेला जाएगा।

9 मई को पंजाब किंग्स इलेवन और रॉयल चैलेंजर बंगलुरू की भिड़ंत होगी। पंजाब और चेन्नई की टीमें तीन मई को धर्मशाला पहुंच जाएंगी। टीमों के ठहरने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से रेडिसन ब्लू होटल में व्यवस्था की गई है। एचपीसीए की ओर से स्टेडियम में चल रहे कामों को भी दो मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्टेडियम के स्टैंडों की साफ-सफाई की जा रही है।

एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि तैयारियों में किसी तरह की रुकावट न आए, इसलिए पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक मई से स्टेडियम में पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा, ताकि मैचों की तैयारियों में किसी प्रकार की दिक्कत पेश न आए। दस मई के बाद ही स्टेडियम में पर्यटकों और आम लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। स्टेडियम देखने वाले पर्यटक एचपीसीए की वेबसाइट पर ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। ऑनलाइन टिकट की व्यवस्था भी शुरू की गई है।



कोलकाता के लिए 200+ छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज रसेल

कोलकाता, एजेंसी। कोलकाता ने आईपीएल में अब तक दो बार 250+ का स्कोर बना लिया है। वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद सबसे ज्यादा बार 250+ का आंकड़ा छूने वाली आईपीएल की टीम है। कोलकाता के अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी दो बार ऐसा किया है।

सनराइजर्स तीन बार ऐसा कर चुकी है। आईपीएल 2024 के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ भले ही हार गई हो, लेकिन आंद्रे रसेल ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह इस टीम के लिए 200+ लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पंजाब के खिलाफ रसेल 12 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 24 रन की पारी खेली। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अब तक 202 छक्के लगा चुके हैं। दूसरे नंबर पर नीतीश राणा हैं और उन्होंने 106 छक्के लगाए हैं।

उबेर कप: अश्मिता, प्रिया-श्रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई

चेंगदू (चीन), एजेंसी। अश्मिता चालिहा (विश्व रैंक 53) ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली (विश्व रैंक 25) को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया। . प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है और कनाडा और 15 खिताबों के साथ आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन के बाद सिंगापुर से 30 अप्रैल को भिड़ेगी। इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया।

तीरंदाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचीं दीपिका, कोरियाई प्रतिद्वंद्वी को जियोन को 6-4 से हराया

शंघाई (चीन), एजेंसी। मां बनने के बाद दीपिका ने फरवरी में एशिया कप का स्वर्ण जीता था। उन्होंने अंतिम बार विश्वकप का स्वर्ण पेरिस में 2021 में जीता था। दिसंबर, 2022 में मां बनने के बाद से दीपिका कुमारी के शानदार प्रदर्शन क्रम जारी है। तीन बार की ओलंपियन इस तीरंदाज ने विश्वकप स्टेज-1 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दीपिका ने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की जियोन हुनयंग को पिछडने के बाद 6-4 से पराजित किया। उनका सेमीफाइनल में सामना एक अन्य कोरियाई तीरंदाज नाम सुहयोन से होगा।

तीन वर्ष पहले विश्वकप का स्वर्ण जीती थीं दीपिका: 142वीं विश्व रैंकिंग पर फिसल गईं दीपिका रैंकिंग राउंड 30वें स्थान पर थीं। दीपिका जियोन के खिलाफ एक समय 1-3 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए अगले दो सेट जीते और पांचवां सेट पर बराबरी पर रखते हुए 27-28-27-27, 29-28, 29-27, 28-28 से जीत हासिल कर ली।

व्यापार

अमेरिकी नियामक ने रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की संपत्ति जब्त की, इस बैंक को बेचने पर सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका में संकटग्रस्त रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की संपत्तियों को बैंकिंग नियामक एफडीआईसी ने जब्त कर लिया है। नियामक ने बताया कि बैंक की संपत्तियों को फुल्टन बैंक को बेचने पर सहमति बनी है। अमेरिकी नियामक एफडीआईसी ने रिपब्लिक फर्स्ट बैनकॉर्प की संपत्तियों को जब्त कर लिया है और इसे फुल्टन बैंक को बेचने पर सहमति व्यक्त की है। नियामक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। फिलाडेल्फिया स्थित रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ने निवेशकों के एक समूह के साथ फंडिग की वार्ता बंद कर दी थी, जिसके बाद पेंसिल्वेनिया डिपार्टमेंट ऑफ बैंकिंग एंड सिक्योरिटीज द्वारा इसे जब्त कर लिया गया। रिसीवर के रूप में नियुक्त एफडीआईसी ने कहा कि फुल्टन फाइनेंशियल कॉर्प की एक इकाई फुल्टन बैंक, पर्याप्त रूप से बैंक की सभी डिपॉजिट का ग्रहण करेगी और जमाकर्ताओं की सुरक्षा के लिए रिपब्लिक बैंक की सभी संपत्तियों को खरीदेगी।

रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 83.35 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को सात पैसे की गिरावट के साथ 83.35 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने और घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली से स्थानीय मुद्रा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की धारणा ने स्थानीय मुद्रा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में उसने 83.30 से 83.36 प्रति डॉलर के बीच कारोबार किया। अंत में 83.35 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से सात पैसे कम है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.28 पर बंद हुआ था।

मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 47.8त्न उछलकर 3,877.8 करोड़ रुपए पर

नई दिल्ली, एजेंसी। कार बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 47.8 प्रतिशत उछलकर 3,877.8 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से भारी बिक्री और अनुकूल कीमतों के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में वाहन कंपनी का शुद्ध लाभ 2,623.6 करोड़ रुपए रहा था। मारुति सुजुकी ने शुक्रवार को कहा, कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में 20 लाख वाहन बेचे, जो अबतक का सर्वाधिक है। कंपनी लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष निर्यातक बनी रही। अब भारत से होने वाले कुल यात्री वाहन निर्यात में इसका योगदान 41.8 प्रतिशत है। मारुति सुजुकी का शेयर बीएसई पर 1.7 प्रतिशत गिरकर 12,687.05 रुपए पर बंद हुआ।

मसाला विवाद पर अमेरिकी खाद्य नियामक भी सतर्क एमडीएच और एवरेस्ट से जुड़ी जानकारी जुटा रहा

नई दिल्ली, एजेंसी। एफडीए के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया है कि एफडीए रिपोर्टों से अवगत है और स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र कर रहा है। हांगकांग ने इस महीने एमडीएच के तीन मसाले और एवरेस्ट की फिश करी की बिक्री को रोक दिया था।

अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) भारतीय मसाला निर्माताओं एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहा है। यह कार्रवाई हांगकांग की ओर से कथित तौर पर कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशक का उच्च स्तर पर मिलने पर कुछ उत्पादों की बिक्री रोकने के बाद की जा

रही है। मीडिया रिपोर्ट्स ये दावे किए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एफडीए के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को रॉयटर्स को बताया, एफडीए रिपोर्टों से अवगत है और स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र कर रहा है। हांगकांग ने इस महीने एमडीएच के तीन मसाले और एवरेस्ट की फिश करी की बिक्री को रोक दिया था। सिंगापुर ने भी एवरेस्ट मसालों को बाजार से वापस मंगाने का आदेश देते दिया था। उनकी ओर से कहा गया था कि इनमें एथिलीन ऑक्साइड का उच्च स्तर है, जो मानव उपयोग के लिए अयोग्य है और लंबे समय तक संपर्क में रहने पर इससे कैंसर हो सकता है। इस मामले में एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से रॉयटर्स के सवालों का फिलहाल जवाब नहीं दिया गया है। इससे पहले एवरेस्ट ने कहा था कि उसके मसाले खाने के लिए सुरक्षित हैं। एमडीएच ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है।

सिंघानिया की पत्नी 3 कंपनियों के बोर्ड से बाहर:बोलीं- गौतम ने पहले मारपीट की, अब रेमंड ग्रुप की कंपनियों से बेदखल किया

नई दिल्ली , एजेंसी। रेमंड ग्रुप की तीन कंपनियों ने विवाद के बीच पत्नी नवाज मोदी को अपने बोर्ड से बाहर कर दिया है। 31 मार्च को एक एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग के जरिए जेके इन्वेस्टर्स लिमिटेड, रेमंड कंज्यूमर केयर और स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व ने नवाज मोदी को बोर्ड से बाहर किया है। इकोनॉमिक्स टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में इसके बारे में जानकारी दी है।

नवाज मोदी को जून 2015 में JKI, दिसंबर 2020 में RCCL और अक्टूबर 2017 में स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व में डॉयरेक्टर नियुक्त किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनी रेमंड ने अभी तक नवाज मोदी को बोर्ड से बाहर करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, लेकिन जल्द ही वह भी ऐसा कर सकती है। रेमंड ग्रुप के चेयरमैन गौतम

सिंघानिया ने 13 नवंबर 2023 में अपनी पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया से अलग होने का ऐलान किया था।

बोर्ड से निकाले जाने की सूचना मिलने के बाद नवाज मोदी ने कहा, जब से मैं गौतम सिंघानिया के गलत कामों को उजागर कर रही हूं, तब से मेरे साथ बुरा व्यवहार किया जा रहा है। पहले मारपीट की और अब कंपनी से निकाल दिया। इससे पहले जेके इन्वेस्टर्स और स्मार्ट एडवाइजरी के शेयरहोल्डर्स ने कंपनी को लिखा था कि उन्होंने डॉयरेक्टर के रूप में नवाज मोदी पर विश्वास खो दिया है। शेयरहोल्डर्स ने नवाज मोदी को बोर्ड से हटाने के लिए मीटिंग का अनुरोध किया था। इसके बाद 31 मार्च को बोर्ड की मीटिंग और गुरुवार को शेयरहोर्डर्स की मीटिंग हुई। अब कानूनी प्रक्रिया के साथ नवाज को हटा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गौतम सिंघानिया के अलग होने की ऐलान के बाद नवाज मोदी ने अलग होने के लिए शर्त रखी थी। उन्होंने 1.4 बिलियन डॉलर (करीब 11 हजार करोड़ रुपए) की कुल संपत्ति में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी मांगी थी। हालांकि, अभी तक कोई भी आखिरी फैसला नहीं हुआ है। गौतम सिंघानिया रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।

क्रिप्टो एक्सचेंज वजीरएक्स के नए उपयोगकर्ता छह माह में दोगुने से ज्यादा बढ़े : रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिप्टो एक्सचेंज वजीर एक्स के नए उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण की संख्या पिछले छह माह में 122 प्रतिशत बढ़ी है। देश के प्रमुख क्रिप्टो एक्सचेंज ने शुक्रवार को यह कहा। वजीरएक्स ने अक्टूबर, 2023 से मार्च 2024 तक की अवधि की अपनी छठी पारदर्शिता रिपोर्ट में यह भी कहा कि इस दौरान पिछले छह महीनों की तुलना में कारोबार मात्रा में 217 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, नए उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण में

122 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है कि मार्च, 2024 में सर्वाधिक 40 करोड़ डॉलर से अधिक का कारोबार हुआ, जबकि दिसंबर, 2023 में सबसे ज्यादा नए पंजीकरण (साइन-अप) हुए। वजीरएक्स के उपाध्यक्ष राजगोपाल मेनन ने कहा, हम देश के 'वर्चुअल डिजिटल संपत्ति (वीडीए) परिवेश में नए विचार को बढ़ावा देते हुए उपयोगकर्ता के हितों की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी नई 'पारदर्शिता रिपोर्ट इसी विचार का संकेत है। नियमों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, उद्योग और अन्य संबद्ध लोगों के साथ सक्रिय सहयोग के माध्यम से हम सकारात्मक नियमों का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं जो सभी क्षेत्रों में ब्लॉकचेन और क्रिप्टो प्रौद्योगिकी में बदलाव लाने की क्षमता खोल सकते हैं।

वॉट्सऐप ने कहा- दबाव बनाया तो भारत छोड़ देंगे, यूजर्स के मैसेज की जानकारी नहीं दे सकते

नई दिल्ली , एजेंसी। वॉट्सऐप भारत में सर्विस देना बंद कर सकता है। इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि अगर उसे मैसेजेस एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया गया, तो वह भारत से चला जाएगा। मेटा के दो बड़े प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप और फेसबुक ने नए संशोधित आईटी नियमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने दिल्ली हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया था। कंपनी ने कोर्ट में

कहा कि नए नियमों से यूजर की प्राइवेसी खतरे में आ सकती है। मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच कर रही है। वॉट्सऐप की ओर से एडवोकेट तेजस करिया और सरकार की ओर से कीर्तिमान सिंह दलील रख रहे थे। दोनों पक्षों के बीच संक्षिप्त बहस के बाद हाईकोर्ट ने बीच का रास्ता निकालने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। आईटी नियम 2021 एन्क्रिप्शन के साथ यूजर्स की गोपनीयता को कमजोर करता है। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन करता है। दुनिया में कहीं और ऐसा कोई नियम नहीं है, ब्राजील में भी नहीं। यह नियम उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता के खिलाफ है और नियम बिना किसी परामर्श के पेश किया गया था।

वैन चालक ने मासूम से किया बेड टच

बच्ची ने क्लास टीचर को बताया स्कूल प्रबंधन ने घटना को दबाया, परिजनों ने लगाया आरोप

अमर प्रभात ब्यूरो

शाहजहांपुर। यूपी के जनपद शाहजहांपुर मे स्कूल बैन चालक द्वारा कक्षा एक की मासूम छात्रा के साथ बेड टच किया गया जब छात्रा ने अपने स्कूल की क्लास टीचर को ड्राइवर की हरकत के बारे में बताया तो स्कूल प्रबंधन तंत्र ने घटना को छुपाने के उद्देश्य से बच्ची को डराया धमकाया और इस घटना को किसी को ना बताने को कहा और मासूम को 1रू00 बजे तक स्कूल में बैठाये रखा गया। बच्ची ने अपने परिजनों को बताया कि उसके बैन चालक ने जबरन उसको अपने पास आगे वाली सीट पर बैठा लिया और उसके साथ बेड टच करने लगा घटना से डरी सहमी हुई बच्ची जब स्कूल पहुंची और उसने अपनी क्लास टीचर को इसके बारे में पूरी जानकारी दी जिसके बाद दी स्कूल के प्रबंधक गंण उसकी क्लास में पहुंच गए और इस घटना के बारे में किसी को ना बताने को डराया धमकाया और 1रू00 तक स्कूल में बिठाये रखा। जानकारी के मुताबिक थाना आरसी मिशन क्षेत्र स्थित एक परिवार की बच्ची ग्रीन वैली कन्वेंट स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है जिसको बैन चालक कामरान पुत्र इकलाख निवासी मोहल्ला ककरा कलां स्कूल लाने ले जाने का कार्य करता है।

शुक्रवार की सुबह साढ़े सात बजे स्कूल वैन चालक कामरान छात्रा को घर से लेने आया। कामरान की बुरी नजर मासूम पर थी उसने बच्ची को अपने पास वाली आगे की सीट पर बैठाकर बेड टच करना शुरू कर दिया ।स्कूल स्कूल पहुंचने के बाद बच्ची ने अपनी क्लास टीचर को ड्राइवर द्वारा की गई हरकत की पूरी जानकारी दी । इसके बाद प्रबंध तंत्र ने घटना को दबाने की पूरी कोशिश की ।

घर पहुंचने के बाद डरी हुई बच्ची ने अपने पेरेंट्स को पूरी घटना के बारे में बताया इसके बाद पिता ने थाने पहुंच कर तहरीर दी जिसकी सूचना पुलिस के आला अधिकारियों तक पहुंच गई मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी स्कूल वैन चालक कामरान पुत्र इखलाख हुसैन निवासी मोण् ककरा कलां थाना सदर बाजार एवं ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल के प्रबन्धक खान शाह खावर के खिलाफ136/24 धारा 354/506 आईपीसी व 9एम/10 पाक्सो एक्ट मे थाना रामचंद्र मिशन में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

दरगाह पर हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

उलेमा ने ट्रेनिंग कैम्प में हज के अरकान बताए

अमर प्रभात ब्यूरो

बरेली। आज दरगाह आला हज़रत पर आज़मीन.ए.हज को ट्रेनिंग देने व टीकाकरण करने के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में आज़मीन हज का टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला चिकित्सालय की टीम ने डीआईओ डॉक्टर प्रशांत रंजन नेतृत्व में व डॉक्टर मोहम्मद फ़िरोज की निगरानी में स्वास्थ्य विभाग के शाहिद हुसैन, कोमल राठौर, सिमरन, अंशिका ने सहयोग किया। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुक़द्दस हज का सफ़र अगले माह शुरू जो जाएगा। बरेली समेत हिदुस्तान भर के लाखों आज़मीन हज फ्लाइट का शिड्यूल जारी होते ही सऊदी अरब रवाना होगें। हज यात्रियों की सहूलियत के लिए आज दरगाह पर दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान;सुब्हानी मियाद्ध की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन रज़ा क़ादरी अहसन मियां की सदारत में दरगाह स्थित मदरसा मंज़र.ए.इस्लाम मे कैम्प का आगाज़ सुबह 10 बजे तिलावत.ए.कुरान से हुआ। इसके बाद मुफ़्ती अय्यूब खान नूरी ने हज

के अरकान बताए। जिसमे हज के दौरान अदा की जाने वाली रस्मेंएकाबे शरीफका तवाफ़अहराम बांधने का तरीका, शैतान की कंकड़ी मारने के अलावा सफ़ा और मरवाएमिना अरफ़ात के मैदान में अदा की जाने वाली रस्में व इबादत का तरीका बताया।

मुफ़्ती सलीम नूरी बरेलवी ने कहा कि हज जिदंगी में एक मर्तबा फ़र्ज़ है। जिन पर फ़र्ज़ है उनमें कुछ लोग उमरा कर रहे है। उनको चाहिए वो पहले हज अदा करे। हज ट्रेनर सुहैल खान साबरी ने हज सफ़र में ले जाने वाले सामान में किया ले जाना है और किया नहीं ले जाना है विस्तार से बताया। हज में बरती जानी वाली सावधानियों के बारे में बताया।हाजी जावेद खान, अनवारुल सादात, सुहैल आफ़्ताब, जुबैर रज़ा खान, मंजूर रज़ा खान आदि का सहयोग रहा।

'शिविर में मीरगंज से 2 साल की बच्ची सिदरा जो वालिद मोहम्मद साजिद व मां जीनत के साथ और 8 साल की अतिया नूरी जो अपने वालिद मुफ़्ती सलीम नूरी बरेलवी व मां रिजवाना नूरी के साथ हज करने जा रही है उनका भी टीकाकरण किया गया। जो लोग रह गए है उनके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 अप्रैल को ख़लील स्कूल में व्यवस्था की गई है।

बीजेपी को वोट देने पर जान से मारने की धमकी, एसएसपी से शिकायत

अमर प्रभात ब्यूरो

बरेली। बहेड़ी में रहने वाले एक युवक ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया। जब इसका पता उसके पड़ोसियों को चला तो वह उसकी जान के दुश्मन बन गए। उसे तरह.तरह से परेशान कर रहे हैं। कभी उसके घर में मानव अपशिष्ट भरकर फेंक रहे हैं तो कभी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में आज पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। थाना बहेड़ी क्षेत्र के तिमाची गांव निवासी जिया उल हसन पुत्र मेहंदी हसन ने बताया कि उसने 19 अप्रैल को वोटिंग के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया था। उसके मतदान करने के बाद गांव के ही गुड्डू पुत्र नौसे, नईम पुत्र अमीर अहमद, अकरम पुत्र अली हसन उसके घर आए और भाजपा के पक्ष में मतदान करने पर उसे व उसकी पत्नी को धमकाने लगे और मारपीट करने पर आमादा हो गए। आरोपी कहने लगे कि तुम गांव छोड़कर चले जाओ नहीं तो तुम्हें घर छोड़ने पर मजबूर कर देंगे। उस दिन के बाद से उसे परेशान किया जाने लगा है। 22 अप्रैल की रात उसके घर के अंदर एक मिट्टी के बर्तन में मानव अपशिष्ट भरकर फेंक दिया। इस बारे में पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कीए लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

उसके बाद 24 अप्रैल को भी उसके घर में अपशिष्ट फेंका गया। वह बार.बार पुलिस से शिकायत कर रहा है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है ।अब आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में आज पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

शिक्षक संघ के नेताओं को बायोमेट्रिक से छुट देने के आदेश से आम शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक में असंतोष व्याप्त

अमर प्रभात ब्यूरो

बरेली। शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल द्वारा जारी आदेश इन दिनों शिक्षक समाज के सोशल मीडिया ग्रूपों में खूब वायरल हो रहा है इस आदेश में शिक्षा निदेशक द्वारा शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों को बायोमेट्रिक उपस्थिति में छूट देने से आम शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों में असंतोष व्याप्त है। इस आदेश को लेकर प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र पटेल ने आपत्ति दाखिल करते हुए कहा है कि सभी शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारी से आग्रह किया है कि इसका कड़ा विरोध करें। क्योंकि इस आदेश से शिक्षक समाज में भारी रोष व्याप्त है। वर्तमान समय में अधिकांश शिक्षक नेता अपने निजी स्वार्थ में लगे रहते हैं और शिक्षक हित में कहीं भी दिखाई नहीं देते। इतना ही नहीं शासन प्रशासन द्वारा शिक्षक और शिक्षक पदाधिकारियो में मतभेद पैदा करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। वहीं कुछ संगठनों के प्रदेश अध्यक्षए महामंत्री एवं शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति से छूट प्रदान किये जाने के आदेश का गोपनीय तरीके से समर्थन कर रहे हैं। क्योंकि कुछ तथाकथित पदाधिकारी लगातार अधिकारियों नेताओं के साथ मिलकर इस बायोमेट्रिक आदेश से निजी स्वार्थ के लिए छूट पाना चाहते हैं। शायद इसीलिए ऐसा आदेश जारी कर दिया गया है, जो शिक्षक हित में बिल्कुल उचित नहीं है। इससे शिक्षक समाज में असमानताए द्वेष और अविश्वास पैदा होना निश्चित हैं।

शिक्षक समाज की इतनी ज्यादा समस्याएं हैं जिनका निस्तारण आज तक शिक्षा निदेशक के स्तर से नहीं किया जा सका है लेकिन जहां बायोमेट्रिक उपस्थिति की बात आई वहां पर इन तथाकथित शिक्षक संघ के नेताओं ने अपनी बात को राज्य स्तरीय अधिकारियों से मिलकर गोपनीय तरीके से राहत लेने की जुगत बना ही ली। इसे शिक्षक समाज पूरी तरह से समझ चुका है कि यह शिक्षक संघ के पदाधिकारी आम शिक्षक का कैसे भला करेंगे। आज उन शिक्षक संघ के पदाधिकारी की दूषित मानसिकता का परिचय इस आदेश से पूरे शिक्षक समाज को मिल चुका है। धर्मेंद्र पटेल ने कहा कि शिक्षकए शिक्षामित्र और अनुदेशक मिलकर विद्यालयों में शिक्षण कार्य करते हैं यदि किसी भी प्रकार का लाभ विभाग द्वारा दिया जाए तो उसे किसी को भी अछूता न छोड़ा जाए अन्यथा की स्थिति में किसी खास संगठन को या संगठन के पदाधिकारियों को लाभ न दिया जाए। क्योंकि हम सभी का काम विद्यालय में पढ़ाना है न की नेतागिरी करना। हम अपने साथियों की समस्या का निराकरण अपने संगठन के माध्यम से विद्यालय समय के उपरांत भी अधिकारियों से मिलकर करा सकते हैं। इसके लिए हमें अलग से किसी भी प्रकार की विभाग की मेहरबानी की आवश्यकता नहीं है।

माध्यमिक स्कूलों मे होगा रोड सेफ्टी क्लब का गठन

अमर प्रभात ब्यूरो

बरेली। प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया जाएगा। इसके माध्यम से स्कूली बच्चों व शिक्षकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जाएगा। दरअसल 18 साल से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलाएं यातायात नियमों को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने विद्यालयों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि छात्रोंए शिक्षकों व अभिभावकों के लिए यातायात विभाग के सहयोग से सडक़ सुरक्षा से जुड़ी गोष्ठ्ठीए सेमिनार व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाये। हर दिन विद्यालयों में प्रार्थना के दौरान छात्रों को सडक़ सुरक्षा व जागरूकता की जानकारी दी जाए और उन्हें शपथ ग्रहण कराई जाये। रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डांण् महेंद्र देव ने आदेश जारी करते हुये निर्देश दिये है कि एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जाए। स्कूली वाहन चालकों का स्वास्थ्य व आंखों का परीक्षण कराया जाए। उन्होंने इन कार्यक्रमों का कैलेंडर जारी करते हुए, इनके आयोजन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह को नोडल अधिकारी बनाया है। साथ ही यह भी कहा है कि बच्चों के बीच जागरूकता के लिए निबंध, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर प्रदर्शनी आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाए।

सडक़ दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने को लेकर 22 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित होने वाले सडक़ सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद परिवहन विभाग ने सडक़ दुर्घटनाओं में 50 फीसदी कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जिलों में सडक़ सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा। रांग साइड ड्राइविंगए मोबाइल फोन का प्रयोग एवं शराब पीकर ड्राइविंग सडक़ दुर्घटना के प्रमुख कारण होते हैं। सडक़ सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सभी स्कूली वाहनों तथा उनके चालकों की मेडिकल फिटनेस की जांच कराई जाएगी।

कॉविड हॉस्पिटल में डॉक्टरों की भारी कमी, हाथी बन कर रह गया

बरेली। कोविड अस्पताल में लाखों रूपयें खर्च कर कुछ अच्छे संसाधन तो बढ़ा दिये गयेएलेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नही हुआ है। हाल यह है कि सैकड़ो मरीजों की ओपीडी संभालने के लिए अब सिर्फएक ही फिजिशियन उपलब्ध है। ऐसे में पहले से चिकित्सकों की कमी से परेशान मरीजों को नई सुविधा मिलने के बावजूद खास राहत नहीं मिल रही है। दरअसल कुछ माह से अस्पताल में तीन फिजिशियन सतीश चन्द्राए अमित कुमार व जितेन्द्र कुमार कार्य कर रहे हैएजिसमें डांण् अमित कुमार को पोस्टमार्टम डयुटी व जितेन्द्र कुमार को वीआईपी डयुटी में लगा दिया गया है। वही मरीजों की संख्या बढ़ती देख शासन ने अस्पताल में सीटी स्कैन लगवा दी है।

गर्मी के प्रकोप के चलते इस समय अस्पताल में ओपीडी में रोज 350 से 400 मरीज अपना परीक्षण कराने के लिए आ रहे है। एक फिजिशियन द्वारा मरीजों का उपचार किये जाने से लंबी.लंबी कतार लग रही है। मरीजों का कहना है कि पर्चा बनबाकर लाइन में लगकर चिकित्सा परीक्षण कराने में लगभग दो घंटे का समय लग रहा है।

अल्मोड़ा की दुर्गम पहाड़ियों में प्रकृति का ज्ञान रहे बदायूं जिले के स्काउट्स

शीतलाखेत में प्रदेश स्तरीय स्काउट-गाइड शिविर का आयोजन हो रहा

अमर प्रभात ब्यूरो

अल्मोड़ा। जनपद के शीतलाखेत में चल रहे प्रदेश स्तरीय नेचर स्टडी कम ट्रेनिंग कैंप में बदायूं जनपद से आये स्काउट गाइड प्रशिक्षकों ने साहस का परिचय दिया। प्रादेशिक शिवी आयोजन केअवसर पर स्काउट.गाइड ने पहाड़ियों के दुर्गम रास्तों होते हुए स्काउट गाइड ने एडेश्वर महादेव और पाषाण देवी की हाइक की।

स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रकृति की गोद में संजीवनी की अनुपम उपहार मिलता है। जिला संगठन कमिश्नर मु. असरार के साथ राजकीय इंटर कालेज की सुनीती यादव, गाइड शीतल, रेनू, मेघा पाठक, दमयंती राज आनंद राजकीय महाविद्यालय बिसौली के रोवर अर्जुन मौर्यए करन शाक्य, रुपेंद्र मौर्य, एन, इंटर कालेज बिल्सी हिमांशु प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतलाखेत अल्मोड़ा पहुंचे हैं। सेंट्रर इंचार्ज त्रिवेंद्र कुमार, ट्रेनर अजय कुमार, मोहित कुमार ने स्काउट गाइड को हाईक कराकर पहाड़ी की वादियों में दुर्गम रास्तों से होते हुए एडेश्वर महादेव मंदिर और पाषाण देवी मंदिर के अलावा अन्य प्रकृति के नजदीक मनोहारी दृश्य स्थलों के नजदीक ले गए। स्काउट गाइड को विभिन्न औषधीय पौधों की जानकारियां दीं गईं। इस प्रदेश स्तरीय नेचर स्टडी कम ट्रेनिंग कैंप में 100 से अधिक स्काउट, गाइड, शिक्षक प्रतिभा कर रहे हैं।

मतदाता को फोटो पहचान दस्तावेजों मे से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य

कासगंज। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जो मतदाता मतदान करते समय अपना मतदाता पहचान पत्र-एपिक प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, तो उन्हें अपनी पहचान के लिये उल्लिखित वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना जरूरी होगा।

ऐसे मतदाता अपना पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, राज्य/ केन्द्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकोंध्डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतगर्त आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, आधार कार्ड में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि ऐसे मतदाता जो दूसरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र प्रस्तुत करते हैं तो ऐसे कार्ड भी स्वीकार किये जायेंगे। बशर्ते उस मतदाता का नाम उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामावली में मौजूद हो, जहां मतदाता मतदान करने उपस्थित हुआ है। फोटो मतदाता पर्ची को, खुद की पहचान साबित करने के लिए पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रवासी निर्वाचकों को पहचान के लिए केवल अपना मूल पासपोर्ट प्रस्तुत करना होगा।

पूर्वांचल की बाहुबली धनंजय सिंह किया जाएगा बरेली जेल शिफ्ट

अमर प्रभात ब्यूरो

बरेली। पूर्वांचल के बाहुबली धनंजय सिंह का अब नया ठिकाना बरेली सेंट्रल जेल होगा। ठीक लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें बरेली सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। बरेली सेंट्रल जेल में माफिया डॉन बब्लू श्रीवास्तव अपने साथी कमल सैनी, मंजीत सिंह उर्फ मंगे समेत कई दुर्दात बरेली सेंट्रल जेंल में बंद है।

जौनपुर केबाहूबली धनंजय सिंह को बांदा जेल से बरेली सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। यह फैसला ठीक लोकसभा चुनाव से पहले लिया गया है। जौनपुर की सांसद-विधायक अदालत ने छह मार्च 2024 को पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को 2020 के एक मामले में सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। यह मामला जल निगम के अधिकारी अभिनय सिंघल के अपहरण और फिरौती से जुड़ा है। सिंघल उस समय नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के तौर पर तैनात थे।

बाहूबली धनंजय सिंह पहली बार 2002 में निर्दलीय यूपी विधानसभा चुनाव लड़े थे। वह चुनाव जीत गए थे। इसके बाद वह 2007 से जदयू के टिकट पर विधायक बने। 2009 में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े और बढिया जीत हासिल कर संसद में पहुंचे। इस बार जौनपुर से भाजपा ने कांग्रेस से आए कृपा शंकरए सपा ने बाबू सिंह कुशवाल और बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला को लोकसभा चुनाव में मैदान में उतारा है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले धनंजय सिंह को बरेली सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जा रहा है।

अंडरवर्ड डॉन बब्लू श्रीवास्तव अपने साथी कमल सैनी, मंजीत सिंह उर्फ मंगे के साथ 1998 से बरेली सेंट्रल जेल मे बंद है। 2011 में बाहूबली रघुराज सिंह उर्फराजा भईया भी बरेली सेंट्रल जेल में बंद रह चुके हैं। उनके साथ और भी कई दुर्दात अपराधी सेंट्रल जेल में बंद हैं। अब जौनपुर के बाहूबली धनंजय सिंह का भी नया ठिकाना बरेली सेंट्रल जेल बन गया है।

अभी हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है कि जौनपुर के धनंजय सिंह को सेंट्रल जेल लाया जा रहा है। ।

– अविनाश गौतम, वरिष्ठ जेल अधीक्षक केंद्रीय कारागार बरेली।

मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

अमर प्रभात संवाद

सिद्धपुरा। कस्बा सिद्धपुरा के शंकर सिंह महाविद्यालय सभागार में मेधावी छात्र एवं छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज प्रबंधक महेश यादव द्वारा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 में जनपद कासगंज में टॉप टेन सूची में स्थान पाने वाले छात्र एवं छात्राओं को मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आपको बता दें कि कस्बा सिद्धपुरा के शंकर सिंह इंटर कालेज के छात्र रविपाल ने इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 में 94ण्20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद कासगंज में टॉप टेन सूची स्थान प्राप्त कर कॉलेज एवं विकास खंड सिद्धपुरा का नाम रोशन किया हैए साथ ही जगदम्बा कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा सौम्या पाल ने इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है। विगत वर्षों में भी इसी संस्थान से छात्र एवं छात्राएं टॉप टेन सूची में स्थान बनाने में सफल रहे हैं। इस दौरान प्रबंधक महेश यादव ने कहा कि छात्रों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देना ही उनका लक्ष्य है। वह अनुशासन के प्रति दृढ़ संकल्पित है। छात्रों को शारीरिक शिक्षा, मानसिक शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण की भी शिक्षा दी जाती है, जिससे छात्र शिक्षा प्राप्त कर एक भावी नागरिक बन सके। जगदम्बा शिक्षण संस्थान के द्वारा सैकड़ों छात्र. छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर शिक्षा विभागए राजस्व विभागए पुलिस विभागए रेल मंत्रालयए चिकित्सा विभाग आदि विभागों में अपना सरकारी कैरियर बना चुके हैं। कॉलेज परिसर में आईटी सेक्टर नोएडाए दिल्ली से कंपनियां कैंप लगाती हैं और आईटीआई पास छात्रों का प्लेसमेंट करती हैं। यह संस्थान क्षेत्रवासियों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा बीएए बीएससीए डीएलएंड, आईटीआई शिक्षा प्रदान कर रहा है। आगामी वर्ष में एमएए एमएससी और एलएलबी की कक्षाएं संचालित होंगी। प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए क्षेत्रवासियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा सत्यप्रकाश पाल ने कहा कि यह संस्थान शुरुआत से ही छात्रों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर रहा है। शिक्षा के द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। छात्रों को सीखने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए, साथ ही टॉप टेन सूची में आने वाले छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन हरी सिंह शाक्य ने किया। कार्यक्रम में नरसिंह पाल यादव, अर्जेश यादव, मुकेश मिश्रा, उमेश यादव, हरी सिंह शाक्य, केपी सिंह, विपन यादव, दीपक मिश्रा, धर्मेंद्र शाक्य आदि शिक्षक उपस्थिति रहे।

बीएस डायनामिक एकेडमी का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

अमर प्रभात ब्यूरो

कासगंज। नगर के नदरई गेट स्थित एसएस ग्रीन फार्म में बीएस डायनामिक एकेडमी की स्थापना के 21 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम संरक्षक राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अखिलेश चंद्र गौड़ए मुख्य अतिथि डॉ राधाकृष्ण दीक्षित, विशिष्ट अतिथियों डॉ संजीव सक्सेना एवं मधुर सिसोदिया ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधक आनंद पुन्ढ़ीर एवं उनके अनुज मनोज पुन्ढ़ीर ने विद्यालय के संस्थापक भोला सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। सरस्वती वंदना एवं स्वागत नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसमें विद्यालय के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नर्सरीए एलकेजी एवं यूकेजी के विद्यार्थियों द्वारा छोटे-छोटे तमाशे, डांस पे चांस, आशाएं.आशाएं आदि मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात वार्षिकोत्सव की थीम वन गॉड वन वर्ल्ड फैमिली पर आधारित कार्यक्रम जैसे परमपिता परमेश्वर, वन गॉड वन वर्ल्ड फैमिलीए मूर्तिकार एक्टए वसुधैव कुटुंबकम आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा मेरे निशान, रट्टा मार,

पंजाबी एवं राजस्थानी नृत्यए कव्वालीए सेव द गर्ल चाइल्ड आधारित रक्त चरित्र आदि मनमोहक प्रस्तुतियां छात्र-छात्राओं द्वारा दी गईं। सेल्फडिफेंस आधारित जूडो कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंत देश भक्ति से ओत-प्रोत आर्मी एक्ट के साथ हुआ। तत्पश्चात् सत्र 2023.24 में अपनी-अपनी कक्षाओं के सभी वर्गों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही जूडो प्रतियोगिता में राज्य स्तर तक अपना लोहा मनवाने वाले छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सर्टिफिक्रेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने कहा कि हम सब एक ही ईश्वर की संतान हैं, इस नाते से हम सभी आपस में भाई.भाई हैं। अतः हमें एक रहते हुए नेकी की राह पर चलना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ राधा कृष्ण दीक्षित ने बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ संस्कारवान बनाने का आह्वान शिक्षकों एवं अभिभावकों से किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अखिलेश चंद्र गौड़ ने सभी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील वशिष्ठ, डॉ सुभाष चंद्र दीक्षित, सुबोध भारद्वाज,गजेंद्र सिंह, अखिलेश सक्सेना, सुशील कुमार शर्मा, संजय उपाध्याय, योगेंद्र सिंह, विवेक राजपूत, रवीश कुमार यादव, देवी चरण, विपिन भारद्वाज, दीपक सक्सेना, संगीता सिसोदिया, अनुराधा पुन्ढ़ीर, रामचंद्र सिंह, अनीता सक्सेना, अरविंद कुमार सिंह, चंदन भारद्वाज, सुविता सिंह, करण सिंह, प्रमोद कुमार, अवनी मेहरा, शीबा खानम, गोल्डन चैहान, सुनील कुमार, गजेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, अंबिका सिंह, सारांश पुन्ढ़ीर उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल में ठंडे पानी के लिए तरस रहे हैं मरीज और तीमारदार

अमर प्रभात ब्यूरो

बरेली। महाराणा प्रताप संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में ठंडा और स्वच्छ जल पीने के लिए कई साल पहले लगा आरओ प्लांट शोपीस बनकर रह गया है, इससे मरीजों ओर उनके परिजनों को स्वच्छ व ठंडा पानी पीने के लिए यहां.वहां भटकना पड़ता है, इसे लेकर मरीजों ओर उनके तीमारदारों में रोष है।

दरअसल जिला अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज के लिए दूर दराज से आते हैएउन्हे स्वच्छ व साफ पानी की जरूरत हमेशा रहती है। आमजनों की इसी समस्या को देखते हुये कई वर्ष पहले शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक निजी कंपनी ने हजारों लीटर क्षमता वाला आरओ प्लांट लगा तो दिया लेकिन उसकी मेंटीनेंस समय से नही हो पा रही है। आरओ के फिल्टर पिछले दो सालों से न बदलने की वजह से मरीजों को दुकान से पानीकी बोतल खरीदकर अपने गले को तर करना पड़ रहा है। आर के पास गुटका की पीक की गंदगी इतनी अधिक है कि जो लोग पानी पीने के लिए जाते है, पीक को देखकर पानी पीने की बजाए उल्टी आने की स्थिति बन जाती है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डां. अलका शर्मा का कहना है कि आरओ प्लांक के फिल्टर बदलवाने के लिए ग्रांट मांगी गई है, उसके मिलते ही फिल्टर बदलवाये जायेगें, वही गर्मी में शीतल जल मुहैया कराने के लिए दो वाटर कूलर एक इंमरजेंसी के बार दूसरा ओपीडी के बाहर लगाया जायेगा।

ट्रैक्टर की टक्कर से पति की मौत, पत्नी एवं बेटा घायल

एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)। निधौलीकलां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शुक्रवार की रात रंगशाला के ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी एवं बेटा घायल हुआ है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के अनुसार क्षेत्र के गांव धोलेश्वर निवासी जीतू (23) पुत्र जगदीश चन्द्र अपनी पत्नी सीमा और पुत्र दक्ष (5) के साथ शुक्रवार की रात निधौलीकलां कस्बा से दवा लेकर लौट रहा था। जैसे ही बाइक निधौलीकलां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा और धोलेश्वर के मध्य के.डी.के.आर. महाविद्यालय के सामने पहुंची कि तभी तेज रफ्तार रंगशाला की ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल तीनों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टर ने जीतू को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की है।

दहेज और कार की मांग पूरी न होने पर बरात लाने से इनकार

एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)। राजा का रामपुर थाना क्षेत्र में एक विवाह में हाथों में मेंहदी लगाकर और सज-धज कर दुल्हन बैठी ही रह गई, लेकिन बरात नहीं आई। दहेज में 10 लाख रुपये और कार न मिलने से नाराज वर पक्ष ने बरात लाने से इनकार कर दिया।

ग्राम भगवानपुरा निवासी जोगिंदर सिंह की पुत्री चंचल राजपूत का विवाह थाना छिबरामऊ कन्नौज के ग्राम पिंडारी खेड़ा निवासी नितिन कुमार पुत्र सर्वेश कुमार के साथ 18 अप्रैल को तय था। लड़की पक्ष की ओर से विवाह की सभी तैयारियां कर ली गई थीं। दिन भर दोनों पक्षों के बीच बातचीत चलती रही, लेकिन वर पक्ष राजी नहीं हुआ और बरात नहीं आई। गांव में इस घटना को लेकर दुख और गुस्सा दिखाई दिया। पुलिस ने बताया कि शिकायत आई है और पूरे मामले की जांच हो रही है। अगर आरोप सही पाए गए, तो कार्रवाई की जाएगी।

प्रेमिका से मिलने गए युवक को ग्रामीणों ने बंधक बनाकर पुलिस को सौंपा

एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)। मिरहची क्षेत्र में एक गांव में शुक्रवार की रात युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंचा था। वो आया तो चुपके से था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे देख लिया। प्रेमी ने घर में प्रवेश किया, तभी लाइट चली गई। ग्रामीणों ने तुरंत ही दरवाजा बंद किया और पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। प्रेमी गांव का ही रहने वाला है। पुलिस के आने पर घर का दरवाजा खोला गया और पूछताछ की गई। नाबालिग प्रेमिका ने आरोप लगाया कि युवक जबरन घर में घुसा और छेड़खानी की। जबकि प्रेमी कहता है कि वह प्रेमिका के बुलाने पर घर गया था। थाना प्रभारी केके लोधी का कहना है कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है, लेकिन जांच जारी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

दो महिलाओं ने किया आत्महत्या का प्रयास

एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत अलग-अलग जगहों पर दो महिलाओं ने खुदकुशी करने का प्रयास किया। एक ने फांसी लगा ली तो दूसरी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की, दोनों को मेडिकल कालेज से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

शनिवार को सुबह करीब 9:30 बजे मेडिकल कालेज में भर्ती कराई गई शीतल (24) पत्नी राजीव कुमार निवासी बहोरनपुरा थाना पटियाली का डाक्टरों ने उपचार किया। हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजनों ने डाक्टर को बताया कि गृह क्लेश के चलते शीतल ने घर पर ही फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।

वहीं दूसरी ओर मलावन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम लालडुण्डवारा निवासी लक्ष्मी (18) पत्नी गौराव कुमार को मेडिकल कालेज में शुक्रवार की रात 8:40 बजे पति द्वारा भर्ती कराया गया। इस दौरान बताया गया कि लक्ष्मी ने परिजनों से हुई मामूली कहासुनी पर जहर का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। डाक्टर ने महिला का उपचार किया और हालत खतरे में देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दी है। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मचा हुआ है।

मारपीटकर कई लोगों को किया घायल

एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)। जिले के जसरथपुर और बागवाला और अवागढ़ थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं की आवाज उठाई गई है। इन घटनाओं में गांवों के निवासियों को घायल किया गया है।

जसरथपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पुरजला निवासी सीताराम पुत्र सियाराम का कहना है कि गांव के निवासी सुखपाल पुत्र सियाराम समेत चार लोगों द्वारा मारपीट की, विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी ओर बागवाला थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर पलरा निवासी बलवीर सिंह पुत्र भगवानदास का आरोप है कि गांव के निवासी रिंकू पुत्र मोहरपाल समेत तीन लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की जान से मारने की धमकी दी, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया।

इसके अलावा अवागढ़ के गांव मोहनपुर निवासी आशादेवी पत्नी महेश चन्द्र का कहना है कि गांव के निवासी सतीश पुत्र पुत्तूलाल समेत पांच लोगों द्वारा एकराय होकर पीड़ित के साथ मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने मामले का अभियोग दर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

चालीस हजार रुपए चोरी का आरोप

एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)। अवागढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कुँवरपुर उर्फरोहिना निवासी सादों सिंह पुत्र गीतम सिंह का कहना है कि वह अवागढ़ के शिव मंदिर के पास सुमन बुक डिपो पर मौजूद था। आरोप है कि तभी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब में रखे 40 हजार रुपए निकाल लिए। चोरी कर वह चंपत हो गया। जानकारी होने पर तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। मामले की रिपोर्ट अज्ञात में दर्ज कराई है। पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

योगी आदित्यनाथ आज जलेसर आएंगे

एटा। आगरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के समर्थन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल आज 28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से विशाल जनसभा को जेसर में संबोधित करेंगे उक्त आशय की जानकारी नगर मंडल अध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय ने दी।

पुलिस ने मुर्दे को कर दिया शांतिभंग में पाबंद

एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)। जलेसर पुलिस को मृतकों से भी चुनाव में शांतिभंग की आशंका दिखाई दे रही है। ऐसा ही मामला जलेसर कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला नोशियान व मोहल्ला किरी में पुलिस ने कर के दिखाया है। लोकसभा चुनावा में गुडवर्क दिखाने के चक्कर में पुलिस ने फरवरी 2024 में मर चुके व्यक्ति को शांतिभंग के आरोप में पाबंद कर दिया। इस मामले में, उपजिला मजिस्ट्रेट द्वारा चालान पास कर दिया। गत मार्च-अप्रैल माह में, जलेसर नगर के मोहल्ला नोशियान व मोहल्ला किरी निवासी महेश चन्द्र पुत्र गोकुल चन्द्र सहित लगभग दस लोगों को धारा 107/116 के अंतर्गत पाबंद कर दिया गया था। कोतवाली पुलिस जलेसर की सूचना पर विश्वास रखते हुए, उपजिला मजिस्ट्रेट जलेसर द्वारा भी इस मामले में कार्रवाई की गई थी। जांच के अनुसार, बगैर पुष्टि के मुर्दा की भेजी चालानी को पास किया गया है। अभियुक्त महेश चंद्र की मृत्यु इसी वर्ष गत फरवरी माह में हो चुकी थी। इस खबर के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, जलेसर पुलिस का यह कारनामा लोगों में चर्चा का विषय बन गया है। लोगों का मानना है कि जलेसर पुलिस ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए मुर्दों तक को भी नहीं बख्शा है। पुलिस ने मुर्दों तक को धारा 107/116 के अंतर्गत पाबंद कर दिया है, ताकि मुर्दे चुनाव वाले दिन शमशान से आकर शांति भंग न कर सकें। लोगों का यह भी मानना है कि इस घटना के बाद, जलेसर कोतवाली पुलिस के हवा में तीर मारने तथा सही जानकारी व तथ्य न रखने जैसे क्रिया कलापों की कलई भी खुल गई है। जिसके सम्बन्ध में पत्रकार द्वारा जलेसर कोतवाली प्रभारी से जानकारी चाही गयी सरकारी नम्बर बन्द गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में मिला युवक का शव

अमर प्रभात ब्यूरो

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत कैलाशगंज के एक मकान में युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर शिनाख्त कराई और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि बागवाला थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम लोयाबादशाहपुर निवासी दीपेन्द्र (32) पुत्र मान सिंह एटा शहर के कैलाशगंज में एक मकान में किराए पर रहता था और शहर में मेहनत मजदूरी करता था। शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे कोतवाली नगर पुलिस को सूचना मिली कि कैलाशगंज के एक मकान में शव पड़ा है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंद कमरे का धक्का मारकर दरबाजा खोला और शव को बरामद किया।

पुलिस ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं हैं। शव बरामद कर पुलिस ने शिनाख्त कराई। पुलिस ने बताया कि युवक शराब पीने का आदी था, पुलिस ने हृदयगति रुकने से मौत होने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि उसकी दो शादियां हुई थी। पहली पत्नी से बेटा विशाल है, जोकि 10-12 साल का है। वह अपने मामा के पास रहता है, जबकि दूसरी पत्नी कुछ दिन दीपेन्द्र के साथ रही उसकी बाद कुछ पता नहीं कहां चली गई।

नवविवाहिता ने की फांसी लगाकर की आत्महत्या

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है।

घटनाक्रम के अनुसार कोवताली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला भगीपुर निवासी रोहित कुमार की शादी 10 मार्च को 22 वर्षीय उमा के साथ हुई थी। शनिवार को ही उसकी विदा होकर भगीपुर पहुंची थी। दिन में उमा ने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मायके वाले आ गए। घटना की जानकारी कोतवाली नगर पुलिस को दी गई। इस पर इंस्पेक्टर मय पुलिस फोर्स के पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में कर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया।

फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक ने ईवीएम स्ट्रांगरूम का किया निरीक्षण

अमर प्रभात ब्यूरो

एटा। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने शनिवार को अपरान्ह में मण्डी समिति पहुंचकर आयोग द्वारा फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र हेतु तैनात किए गए सामान्य प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा आईएएस, पुलिस प्रेक्षक बी. जुगल किशोर कुमार आईपीएस को ईवीएम स्ट्रांगरूम, बैरीकेटिंग सहित पार्टी रवानगी एवं ईवीएम सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं से अवगत कराया। डीईओ ने कहा कि आयोग द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं, उनको अक्षरशः अनुपालन कराते हुए लोकसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान एवं मतगणना को कराया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक महोदय को मण्डी समिति में फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र की अलीगंज विधानसभा हेतु ईवीएम स्ट्रांगरूम हेतु चिन्हित किए गए स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, वाहनों की पार्किंग, वैरीकेटिंग आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण में 13 मई को विधानसभा अलीगंज में मतदान होना है, जिसके लिए मण्डी समिति से ही पोलिंग पार्टियां मतदान हेतु आवश्यक सामिग्री लेकर पोलिंग स्टेशन लोकेशन पर जाएंगीं। प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर आयोग के मानक के अनुसार फोर्स को लगाया गया है, किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पोलिंग स्टेशन पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीईओ ने इस दौरान फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक द्वारा दिए गए सुझावों, निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने हेतु प्रेक्षकों को आश्वस्त किया। इस अवसर पर एसएसपी राजेश कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, उप जिलाधिकारी अलीगंज, क्षेत्राधिकारी अलीगंज आदि अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

उधारी के रुपए मांगने पर मारपीट

एटा। मिरहची थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम डुडिया निवास उदयप्रताप सिंह पुत्र मिलाप सिंह का कहना है कि क्षेत्र के गांव नगला ढक निवासी प्रदीप उर्फकाले पुत्र श्रीराम ने पीड़ित से 55 हजार रुपए उधार लिए लिए। पीड़ित ने अपने रुपए मांगे तो आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडों से मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। लेकिन रुपए वापस नहीं किए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

अलग-अलग आरोपों में दो लोग गिरफ्तार

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के पर्यवेक्षण में, थाना कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया और जैथरा पुलिस ने शराब समेत एक व्यक्ति को बंदी बनाया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम आशीष पुत्र भानू प्रताप है, जो हीरापुर थाना कोतवाली देहात एटा का निवासी हैं। आरोपित को शनिवार को सकीट तिराहे से चोरी की गई हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर जैथरा थाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सदियापुर मोड से 50 लीटर अवैध शराब समेत जैथरा के गांव कठिंगरा निवासी सुखवीर सिंहे उ भूरे पुत्र अमीर सिंह को बंदी बनाया है। आरोपित से पूछताछ करने के पश्चात चालान कर जेल भेजा गया है।

लोकसभा चुनाव में सपा और बीजेपी के बीच जोरदार टक्कर, वोटरों ने साधी चुप्पी

अमर प्रभात ब्यूरो

एटा। लोकसभा चुनाव के महापर्व में उत्तर प्रदेश के एटा सीट पर निर्णायक मुकाबला देखने को मिलेगा। यहां पर समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच तेजस्वी लड़ाई की साजिश बन गई है। लोकसभा चुनाव के मैदान में समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। इस चुनाव में वोटर अपने मतदान की गुप्त शक्ति दिखाएंगे।

एटा सीट पर चुनावी मैदान में सपा और बीजेपी के उम्मीदवारों की टक्कर तेज होने की संभावना है। चुनावी मैदान में सपा और बीजेपी के उम्मीदवारों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। यहाँ के वोटरों ने अपने मतदान के बारे में खुलकर बात नहीं की है, जिससे चुनाव का माहौल गुप्त बना हुआ है। जिले में यह चुनाव राजनीतिक गतिशीलता को बढ़ावा देने वाला है और वोटरों की पसंद का मामला है। सपा और बीजेपी दोनों ही पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों को मजबूत किया है और चुनावी अभियान में कामयाबी प्राप्त करने के लिए मेहनत की जा रही है।

इस क्षेत्र में चुनाव प्रचार की तेजी बढ़ गई है और दोनों पक्षों ने अपने कार्यकर्ताओं को मोबाइल और अन्य माध्यमों का प्रयोग करके चुनावी संदेश पहुंचाने का दबाव बनाया है। एटा सीट पर समीपवर्ती क्षेत्रों के निर्वाचन क्षेत्रों के मुकाबले वोटरों की संख्या अधिक होने के कारण, यहां की राजनीति को राष्ट्रीय स्तर पर महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। सपा और बीजेपी के बीच यह चुनाव अब होगा, जिसमें राजनीतिक गतिशीलता और वोटर्स की पसंद का खेल खेला जाएगा। इसके लिए दोनों पार्टियों के उम्मीदवारों की साख की लढ़ाई है और चुनावी अभियान में प्रयासरत हैं।

तृतीय चरण के तहत विधानसभा एटा सदर, मारहरा एवं जलेसर में मतदान 7 मई को

अमर प्रभात ब्यूरो

एटा। आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद में तृतीय चरण के अन्तर्गत लोकसभा आगरा की विधानसभा जलेसर एवं एटा लोकसभा की विधानसभा मारहरा, एटा सदर में 07 मई को मतदान होना हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हेतु प्रत्येक मतदाता तक मतदाता पर्ची पहुंचाने पर जोर दिया है। डीईओ ने कहा कि प्रत्येक मतदाता तक मतदाता पर्ची पहुंचाई जाएगी, जिसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर 121 नोडल अधिकारियों की तैनाती गई है, जो अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ सम्पर्क स्थापित कर शतप्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण सुनिश्चित करायेंगे एवं स्वयं भी घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण कार्य में सम्मिलित होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि तृतीय चरण में 07 मई को होने वाले मतदान को दृष्टिगत जलेसर विधानसभा में 37, मारहरा में 35 एवं एटा सदर विधानसभा क्षेत्र में 49 अधिकारियों की मतदाता पर्ची वितरित किए जाने हेतु ड्यूटी लगाई गई है। डीईओ ने तैनात किए गए नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि हैं कि वे सुविधानुसार 27 अप्रैल से 29 अप्रैल को मतदाता सूची बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर वितरण करायें। मतदाता पर्ची वितरण की तहसील स्तर पर स्थापित कन्ट्रोलरूम के माध्यम से मॉनीटरिंग की जाए, जिससे कि शतप्रतिशत घरों में मतदाता पर्ची का वितरण हो। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी डा0 एके बाजपेयी सहित अन्य समस्त नोडल अधिकारियों ने आवंटित बूथों पर पहुंचकर बीएलओ के साथ मतदाता पर्ची वितरण कार्य में सम्मिलित होकर अपना सहयोग प्रदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं प्रत्येक मतदाता का मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई जाए, इसी क्रम में प्रत्येक मतदाता को बीएलओ के साथ माध्यम से उनके घर तक मतदाता पर्ची पहुंचाई जा रही है। मतदाता पर्ची वितरण होने से मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान करने में सुविधा होगी। डीईओ ने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु हम सभी का अहम योगदान होना चाहिए, सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें। नोडल अधिकारियों को दी गई सूची में बीएलओ के नम्बर उपलब्ध हैं। मतदाता सूची वितरण कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए।

प्रचंड गर्मी में भड़की हवा और धधकी धरा, जनजीवन बेहाल

अमर प्रभात ब्यूरो

एटा। सूरज की तपिश निरंतर तीव्र होती जा रही है। शनिवार को रवि ने मानो तगड़ा वार कर दिया। सुबह से ही धूप ने अपना रंग दिखाना शुरू किया। दोपहर होते-होते धरा धधकने लगी थी। हवा भड़की तो लू के थपेड़े लगने लगे। सड़कों पर सन्नाटा पसर गया और बाजारों की रौनक गायब हो गई। शनिवार को इस सप्ताह का सबसे ज्यादा गर्म माना गया।

सुबह से सूरज के तीखे तेवर नजर आने लगे। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक गर्मी पूरे यौवन पर दिखी। दोपहर में चली तेज हवा से भी वातावरण गर्म बना रहा। सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखा, तो बाजारों में सूनापन था। रोडवेज बस स्टेशन पर भी इक्का-दुक्का यात्री नजर आए। मौसम का आलम ये है कि अब अधिकतम ही नहीं, न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि हो रही है। सप्ताह भर में ही अधिकतम तापमान में 8.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 6.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ, जबकि बीते सप्ताह अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री और न्यूनतम 25.4 डिग्री सेल्सियस ही था।

फांसी के फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

अमर प्रभात ब्यूरो

कासगंज। सहावर थाना क्षेत्र बीती देर रात एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं मृत विवाहिता के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए सहावर थाने तहरीर दी है।

बतादें कि शनिवार की सुबह सहावर थाना पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव हंस नगर निवासी अनुज कुमार की पत्नी अनीता का शव उसके घर में बने कमरे मे लटका हुआ है और ससुरालीजन घर से फरार है। सूचना मिलते ही थाना सहावर पुलिस मौके पर जा पहुंची और विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर जांच पडताल शुरू कर दी। वहीं अनीता की मौत की खबर सुन उसके मायके पक्ष के लोग भी मौके पर जा पहुंचे। वहीं सहावर थाना क्षेत्र के गांव मुहम्मदपुर के रहने वाले मृतिका अनीता के भाई मुकेष के मुताबिक उसने अपनी बहन अनीता की शादी ढाई वर्ष पूर्व क्षेत्र के ही गांव हंसनगर के रहने वाले अनुज से की थी, आरोप है कि शादी के कुछ दिन वाद से ही ससुरालीजन उसकी बहन को अतिरिक्त दहेज के लिये प्रताडित करते थे, बीती देर रात भी दहेज न मिलने के चलते उसकी बहन के साथ पति अनुज, सास, ससुर व नंद ने मारपीट की और हत्या करके शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया है और ससुरालीजन मौके से फरार हो गये। वहीं पुलिस ने मृतिका अनीता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर ससुरालीजनों की तलाष शुरू कर दी है। वहीं जानकारी देते हुए सहावर थाने के प्रभारी लोकेश भाटी ने बताया भी मृतक विवाहिता के भाई मुकेश कुमार ने मृतक विवाहिता के पति सहित चार लोगो के खिलाफतहरीर दी है, मामला दर्जकर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

सेंटकेएम इण्टर कालेज में सम्मानित हुए अव्वल छात्र

पटियाली। नगर के बाईपास रोड स्थित सेंटकेएम इण्टर कॉलेज में शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभापति के रूप में नगर के शरद कांत मिश्रा, मुख्य अतिथि नगर के मुख्य व्यवसाई अवधेश गुप्ता, मुख्य वक्ता एवं व्यवसाई एवं समाजसेवी शेलंद्र द्विवेदी रहे। पुरस्कार की श्रेणी में संत कृपाल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, एक कदम सफलता की ओर वार्षिक टॉपर, पत्रकार सम्मान समारोह व बोर्ड टॉपर्स के छात्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान परीक्षा प्रभारी दुष्यंत चैहान ने बताया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में संत कृपा सामान्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया जिसमें चार ग्रुप तैयार किए गए जिसमें पहला ग्रुप यूकेजी से सैकेंड क्लासए दूसरा ग्रुप 3 से 5 तकए तीसरा ग्रुप 6 से 8 तक तथा चैथा ग्रुप 9 से 12 तक के समस्त विद्यार्थीयो ने प्रतिभाव किया। प्रतिभाग करने वाले समस्त विद्यार्थियो को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम ग्रुप में प्रशांत शाक्य ने, द्वितीय ग्रुप में उत्कर्ष गौर ने, तृतीय ग्रुप में शिवम कुमार नेए तथा चतुर्थ ग्रुप में अश्वनी यादव ने टॉप कर अपने माता पिता एवं गुरुओं का नाम रोशन किया।

अनियंत्रित टैंकर ने तीन मासूम भाई बहन को रौंदा, एक भाई की मौत

अपने पिता को खेत से खाना देकर लौट रहे थे, तीनों मासूम भाई बहन

अमर प्रभात ब्यूरो

कासगंज। ढोलना थाना क्षेत्र में अनियंत्रित टैंकर ने खेत से लौट रहे तीन मासूम भाई बहनों को रौंद्र दिया। जिससे पांच बर्षीय भाई की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सात बहन व तीन वर्षीय भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों कासगंज अतरोली मार्ग पर जाम लगा दिया। हादसे व जाम की सूचना मिलते ही सीओ सदर मय पुलिस वल के मौके पर जा पहुंचे और आक्रोषित ग्रामीणों को समझाबुझाकर व कार्यवाही का आष्वासन देकर जाम को खुलवायाए वहीं पुलिस ने दोनों घायल भाई बहन को जिला अस्पताल में भर्ती करायाए साथ ही मृत मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

बताया जाता है कि ढोलना कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बिलराम के मौहल्ला कासवान निवासी छोटेलाल शनिवार की सुबह खेत पर गया हुआ था। दोहपर को छोटेलाल के तीन बच्चे सात वर्षीय खुषी, पांच वर्षीय दीपांषु व तीन वर्षीय दीपक अपने पिता को खेत पर खाना देने गये थे, जव वह बापस आ रहे थे, तभी अतरौली की तरफसे आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने तीनों भाई बहनों को रौद्र दिया। जिससे पांच वर्षीय दीपांषु की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि खुशी और दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद चालक टैंकर लेकर फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही आक्रोषित ग्रामीणों ने कासगंज अतरौली मार्ग पर जाम लगा दिया। हादसे व जाम की सूचना मिलते ही सीओ सदर अजीत चैहाने मय पीएसी व पुलिस वल के मौके पर जा पहुंचे और आक्रोषित ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। वहीं पुलिस ने घायल दोनों भाई बहन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं पुलिस ने मृत मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है और मासूम की मां की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। वहीं मासूम की मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन आज

अमांपुर। कस्बा अमांपुर के मक्खन लाल इंटर कॉलेज रोड पर स्थित बांके बिहारी गार्डन में अमर जीवन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के सहयोग से एवं संध्या विमल मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संध्या अग्रवाल एवं विमल अग्रवाल की पुण्य स्मृति के अवसर पर पोलियो पीड़ित, अपंग-अपाहिज, जन्म से विकलांग दिव्यांगजनों के लिए निशुल्क कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण सहायता शिविर का आयोजन दिनांक 28 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में पहुंचकर अपना निशुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं। दिव्यांगजन अपना आधार कार्ड साथ लेकर आये।

साउथ के सियासी पिच पर बगैर हाफ सेंचुरी लगाए नहीं पूरा होगा 400+ का टारगेट

बीजेपी के सामने क्या है बड़ी चुनौती

संसद में अपनी सभी भारी संख्या के बावजूद पीएम मोदी के नेतृत्व वाला एनडीए गुट अभी भी दक्षिण में केवल टुकड़ों में मौजूद है। बीजेपी के पास दक्षिण भारत की 130 में से केवल 29 सीटें हैं। इनमें से अधिकांश कर्नाटक से और कुछ तेलंगाना से आती हैं। हालांकि, जो बात बीजेपी को एक दुर्जेय चुनावी संगठन बनाती है, वह अपने राजनीतिक सक्रियता और माहौल बनाने के जरिए उन जगहों पर अपनी जमीन बनाने में निपुणता है, जहां उसके पास करने के लिए बहुत गुजांइश होती है।प्रधान मंत्री ने चुनावों से पहले प्रचार अभियान का नेतृत्व किया है। वर्ष की शुरुआत से, मोदी ने दो दर्जन से अधिक बार इस क्षेत्र का दौरा किया है। वो भी अक्सर बहुत धूमधाम और प्रदर्शन के साथ। पीएम ने यहां विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। एनडीए उम्मीदवारों के लिए रोड शो और रैलियां आयोजित कीं। इसके जवाब में विपक्षी दल द्रमुक, कांग्रेस, बीआरएस और वामपंथियों ने चक्रव्यूह की तर्ज पर जोश के साथ अपना हमला तेज कर दिया।

(अनिल कुमार)

लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान खत्म हो चुका है। बीजेपी के अबकी बार, 400 पार नारे के लिए दक्षिण का किला बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी के साथ खुद पीएम मोदी ने दक्षिण भारत में बीजेपी की छप छोड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

देश में लोकसभा चुनाव शुरू हो चुका है। 19 अप्रैल को पहले दौर और 26 अप्रैल दूसरे चरण का मतदान हो चुका है। लोकसभा चुनाव साथ देश में क्रिकेट का टूर्नामेंट आईपीएल भी चल रहा है। भारत एक ऐसा देश हैं जहां राष्ट्र के रूप में चुनावों के साथ-साथ क्रिकेट को भी उतना ही पसंद करता है। दोनों के बीच समानताएं भी दिख जाती हैं। ऐसे में क्रिकेट के जरिये आज की राजनीति परिदृश्य को समझते हैं। वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज ब्रायन लारा ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक 375 रन का रिकॉर्ड बनाया था। लारा को अपने ही 375 के रिकॉर्ड को पार करने और 400 रन का स्कोर बनाकर इतिहास में दर्ज होने में दस साल लग गए। इस बार 400 की यह संख्या लोकसभा चुनावों में राजनीतिक चर्चा पर हावी दिख रही है। अब सवाल है कि क्या बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इन चुनावों में अबकी बार 400 बार के अपने बहुप्रचारित लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश की जाएगी? एनडीए सरकार के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दावा है कि दुनिया में एकमात्र लोकप्रिय सरकार है जो एक दशक के बाद भी लोगों की पसंद बनी हुई है। अब एनडीए 400 का आंकड़ा पार कर पाएगा या नहीं यह तो 4 जून को ही पता चलेगा, लेकिन एक बात काफी हद तक तय है कि आने वाले समय में इसका लोकप्रिय चुनावी नारे की सच्चाई में कड़ी मशक्कत दिख रही है। इसके लिए एनडीए को दक्षिण भारत की 130 सीटों पर बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिण में नहीं दिखा प्रभाव

संसद में अपनी सभी भारी संख्या के बावजूद पीएम मोदी के नेतृत्व वाला एनडीए गुट अभी भी दक्षिण में केवल टुकड़ों में मौजूद है। बीजेपी के पास दक्षिण भारत की 130 में से केवल 29 सीटें हैं। इनमें से अधिकांश कर्नाटक से और कुछ तेलंगाना से आती हैं। हालांकि, जो बात बीजेपी को एक दुर्जेय चुनावी संगठन बनाती है, वह अपने राजनीतिक सक्रियता और माहौल बनाने के जरिए उन जगहों पर अपनी जमीन बनाने में निपुणता है, जहां उसके पास करने के लिए बहुत गुजांइश होती है।प्रधान मंत्री ने चुनावों से पहले प्रचार अभियान का नेतृत्व किया है। वर्ष की शुरुआत से, मोदी ने दो दर्जन से अधिक बार इस क्षेत्र का दौरा किया है। वो भी अक्सर बहुत धूमधाम और प्रदर्शन के साथ। पीएम ने यहां विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। एनडीए उम्मीदवारों के लिए रोड शो और रैलियां आयोजित कीं। इसके जवाब में विपक्षी दल द्रमुक, कांग्रेस, बीआरएस और वामपंथियों ने चक्रव्यूह की तर्ज पर जोश के साथ अपना हमला तेज कर दिया।

प्रधानमंत्री की गति को ध्यान में रखते हुए, बीजेपी के वरिष्ठ मंत्रियों ने भी लगातार दौरा किया। उन्होंने अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। संसद के शीतकालीन सत्र के तुरंत बाद, भाजपा ने दक्षिण में 84 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए एक रोडमैप तैयार किया। यहां उसने प्रदर्शन किया था।

इसने उन्हें सबसे कमजोर कहा और उम्मीदवारों की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए विस्तारकों को तैनात किया। कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनावों के दौरान पैदल सैनिकों का पहली बार टेस्ट किया गया था। दक्षिण में अधिकांश बीजेपी उम्मीदवार भी मोदी की गारंटी के मुद्दे पर चल रहे हैं। यह प्रधान मंत्री के मजबूत नेतृत्व के बारे में अधिक है और खुद उम्मीदवारों के बारे में कम दिखता है।

बीजेपी के लिए तमिलनाडु केरल है चुनौती– मीडिया के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में, बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या, जो बेंगलुरु दक्षिण में कांग्रेस की सौम्या रेड्डी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, ने कहा था कि मोदी भारत की 543 सीटों पर वास्तविक उम्मीदवार हैं। हालांकि, अधिकांश सीटें कर्नाटक में हैं। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में बीजेपी के लिए समर्थन में लगातार वृद्धि, हो रही है। बीजेपी के लिए असली चुनौती तमिलनाडु और केरल से है, जो राज्य में वैचारिक आधार वाली पार्टियों द्वारा शासित हैं। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में बड़ी मात्रा में राजनीतिक पूंजी निवेश की है। इस साल की शुरुआत में राम मंदिर अभिषेक से लेकर मोदी ने आठ बार अकेले तमिलनाडु का दौरा किया। घोषणापत्र में 'सबसे पुरानी भाषा' को दुनिया में पहुंचाने का वादा करने से लेकर, नई संसद में सेनगोल को शामिल करने तक, मंदिर के दौरे तक शामिल किया है। तमिल संगम शुरू करना, स्थानीय पोशाक पहनना, सार्वजनिक रैलियों में तिरुवल्लुवर जैसी स्थानीय सार्वजनिक हस्तियों को उद्धृत करना, यहां तक कि 'चुनावी तौर पर चुनिंदा समय' पर 'कच्चतीवू' का मुद्दा उठाना, जैसा कि विपक्ष का दावा है, मोदी ने सब कुछ झोंक दिया है जनता की कल्पना पर कब्जा करने का उनका शस्त्रागार, जो अधिकांशतः भाजपा या प्रधान मंत्री के लिए अनुकूल नहीं रहा है।

द्रविड़ मातृभूमि के लिए लड़ाई

उत्तर भारत में बढ़ते मतदान आधार के बावजूद, बीजेपी ऐतिहासिक रूप से कभी भी तमिलनाडु में कोई महत्वपूर्ण पैठ नहीं बना पाई है। फैक्ट यह है कि पार्टी का वोट शेयर 5 प्रतिशत से भी कम रहा है। यह राज्य पर क्षेत्रीय पार्टियों के नियंत्रण को बताता है। यह भगवा पार्टी के सही मायनों में अखिल भारतीय पार्टी बनने के मिशन के बीच एकमात्र बाधा बनी हुई है। हालांकि, बीजेपी यहां सीटें नहीं तो वोट शेयर में अपनी संभावनाएं बढ़ाने के लिए एक ठोस प्रयास करती नजर आ रही है। तमिलनाडु में बीजेपी के अभियान का नेतृत्व स्वयं प्रधान मंत्री और राज्य स्तर पर अनामलाई के रूप में नए चेहरे ने किया है। एएनआई के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में, पीएम मोदी ने कहा दावा किया कि द्रमुक के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर भाजपा की ओर अनुकूल वोटों में बदल रही है। प्रधान मंत्री ने बीजेपी के राज्य प्रमुख अनामलाई को 'संतन विरोधी' और 'वंशवाद से प्रेरित द्रमुक' के खिलाफ लड़ने वाला 'स्पष्ट नेता' बताया था। तमिलनाडु बीजेपी प्रमुख अन्नामलाई के जमीनी स्तर के प्रयासों और प्रतिद्वंद्वी द्रमुक को उनकी चुनौती ने ध्यान आकर्षित किया है। जनता के बीच उनकी लोकप्रियता और सत्तारूढ़ डीएमके पार्टी के साथ टकराव ने राज्य में भाजपा को सुर्खियों में ला दिया है। हालांकि सामान्य साझेदार अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन नहीं करते हुए, भाजपा ने क्षेत्र में छह से अधिक छोटे दलों के साथ गठबंधन किया है। हालांकि, मुख्यमंत्री स्टालिन, जो कि इंडिया ब्लॉक के सबसे मजबूत क्षेत्रीय नेताओं में से एक हैं, ने दावा किया कि पीएम मोदी की दक्षिण यात्राएं उस नुकसान की भरपाई करने के लिए जो उत्तर में उनका इंतजार कर रहा है।

क्या केरल भगवा पार्टी के लिए बहुत दूर है?

केरल की राजनीति में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) लंबे समय से प्रभावी रहे हैं, लेकिन बीजेपी अब एक मजबूत चुनौती पेश कर रही है। चुनौती पेश करने के प्रयास में, बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में तीन बार के कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और एट्टिंगल में यूडीएफ सांसद अदूर प्रकाश के खिलाफ वी मुरलीधरन को मैदान में उतारा है। कई हाई-प्रोफाइल कांग्रेस नेता भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। इनमें पूर्व सीएम के करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी शामिल हैं। चुनावों से पहले, प्रधान मंत्री इस वर्ष 7 बार केरल का दौरा कर चुके हैं। राम मंदिर के अभिषेक के लिए आध्यात्मिक अभ्यास शुरू करने से लेकर, भाजपा के घोषणापत्र को केरल के लोगों के लिए 'विशु उपहार' कहने तक, ईसाई समुदाय तक पहुंचने तक, 'नारायण गुरु' जैसे स्थानीय हस्तियों का आह्वान करने तक शामिल है। अपनी बेटी के ईडी के रडार पर आने के बाद सीएम पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ सरकार को 'भ्रष्ट' बताने से लेकर कांग्रेस पर केरल में प्रतिबंधित पीएफआई की राजनीतिक शाखा से मदद लेने का आरोप लगाने के जरिये मोदी ने सभी पर दबाव डाला है।

लोकसभा 2024 में 19 और 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान हो गया है। लोकसभा चुनाव में अब एक-दूसरे पर जमकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। दरअसल, कंकर मुंजारे इस बार बहुजन समाज पार्टी की टिकट पर बालाघाट संसदीय सीट से लोकसभा प्रत्याशी हैं जबकि उनकी पत्नी कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार के लिए वोट मांग रही हैं। हालांकि ऐसा पहले भी हुआ है कि एक ही परिवार के सदस्य भिन्न प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करें किंतु इन पति-पत्नी का मामला अनोखा होता जा रहा है। सभी मात्र सत्तासुख के भूखे हैं और येन-केन-प्रकारेण स्वयं सत्ता सुख भोगना चाहते हैं, फिर भले ही पारिवारिक मूल्यों तथा रिश्तों की बलि ही क्यों न चढ़ जाए। कभी नेहरु गांधी परिवार में निजी रिश्तों में खटास की वजह से संजय गांधी और राजीव गांधी के परिवार ने अपना रास्ता अलग कर लिया था। आज अलग होकर भी अपनी जीत सुनिश्चित करने का यह नशा नीचे तक पहुंच चुका है।

म.प्र.बालाघाट से बारामती तक चुनावी चक्कर में बिखर रहे परिवार

देश की राजनीति ऐसी होती जा रही है कि समाज में ही बंटवारा नहीं हो रहा बल्कि घरों में भी फूट पड़ रही है और पति पत्नी के रिश्ते तक बिखर रहे हैं। मध्य प्रदेश की बालाघाट लोकसभा सीट पर इन दिनों कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है जहां पति पत्नी के दिलों में राजनीति ने दरार पैदा कर दी है। 1989 में बालाघाट से निर्दलीय सांसद कंकर मुंजारे परसवाड़ा विधानसभा सीट से 1985 में जनता पार्टी की टिकट पर, 1993 में समाजवादी क्रांतिकारी पार्टी से और 1998 में पुनः जनता पार्टी की टिकट पर विधायक चुने गए थे जबकि इनकी पत्नी अनुभा मुंजारे सात बार विधानसभा चुनाव और तीन बार सांसदी का चुनाव लड़ने के पश्चात आखिरकार 2023 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में बालाघाट विधानसभा सीट से पहली महिला विधायक बनने में सफल हुईं। लोकसभा चुनाव 2024 में अब पति,पत्नी, भावी-देवर और सास-बहू का मुकाबला यहां रोचकता प्रदान कर रहा वहीं परिवार में मनमुटाव का दौर भी जारी थी। कंकर मुंजारे का राजनीतिक अनुभव अपनी पत्नी के मुकाबले अधिक है जिसे अनुभा भी सार्वजनिक रूप से स्वीकार करती हैं। उन्होंने कई बार कहा है कि वे अपने पति के चलते ही राजनीति में आईं अन्यथा वे स्कूल में अध्यापिका होतीं। विपरीत वैचारिक मत के बाद भी दोनों पति-पत्नी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं किंतु लोकसभा चुनाव में अब एक-दूसरे पर जमकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। दरअसल, कंकर मुंजारे इस बार बहुजन समाज पार्टी की टिकट पर बालाघाट संसदीय सीट से लोकसभा प्रत्याशी हैं जबकि उनकी पत्नी कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार के लिए वोट मांग रही हैं। हालांकि ऐसा पहले भी हुआ है कि एक ही परिवार के सदस्य भिन्न प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करें किंतु इन पति-पत्नी का मामला अनोखा होता जा रहा है। कंकर मुंजारे ने वैचारिक मतभेद के चलते अपना घर छोड़कर बालाघाट से 20 किलोमीटर दूर खेत में झोपड़ी बना ली है और वे वहीं रह रहे हैं जबकि उनकी पत्नी अपने बेटे के साथ घर में रहती हैं। कंकर मुंजारे कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह पर राजनीतिक हमले करने के बजाए अपनी विधायक पत्नी पर क्षेत्र की अनदेखी करने और ओलावृष्टि के समय मथुरा-वृन्दावन घूमने का आरोप लगा रहे हैं जिस पर उनकी पत्नी 'सब आपसे ही सीखा है' कहकर कंकर मुंजारे को असहज कर रही हैं। कंकर तो यहां तक भी बोल गए कि यदि अनुभा उनकी पत्नी न होतीं तो वे विधायक बनने के लायक ही नहीं थीं। दोनों के बीच वैचारिक मतभेद उनके घर पर भी दिख रहा है जहां कांग्रेस का झंडा लगा है और बसपा का झंडा कंकर मुंजारे ने उतारकर अपनी झोपड़ी पर लगा दिया है। 19 अप्रैल को प्रथम चरण के मतदान में बालाघाट सीट पर मतदान पूर्ण हो गया है उसके बाद कंकर मुंजारे ने अपने घर वापस जाने की बात कही है किंतु जो राजनीतिक अलगाव दोनों में हो गया है, उससे क्या इनका आपसी सामंजस्य और वैवाहिक जीवन पटरी पर आ पाएगा, यह मध्य प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। यह भी कम दिलचस्प नहीं है कि कंकर मुंजारे कांग्रेस से लोकसभा का टिकट मांग रहे थे जो उन्हें नहीं मिला और अनुभा मुंजारे जिन सम्राट सिंह का चुनाव प्रचार कर रही हैं, उनके पिता अशोक सिंह सरस्वार से वे स्वयं दो बार विधानसभा चुनाव हार चुकी हैं। पवार परिवार में बंटवारा शरद पवार के गढ़ बारामती लोकसभा में भी स्थिति ऐसी बन गई है जो आम जनता के साथ ही पवार परिवार को असहज कर रही है। अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के सामने एनसीपी संस्थापक शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले खड़ी हैं जिससे पहले से छिन्न-भिन्न पवार परिवार में और कलह बढ़ गई है। ननद-भाभी के बीच की लड़ाई ने चाचा-भतीजा के आपसी मतभेद को मनभेद में बदल दिया है। मेरे लिए ताज्जुब की बात है, वो बैरिस्टर कैसे बने?, ओवैसी के 'बीफ काटते रहो' बयान पर भाजपा कैंडिडेट माधवी लता शरद पवार किसी भी कीमत पर सुप्रिया सुले को जिताना चाहते हैं जबकि अजीत पवार अपनी पत्नी के सहारे अपने चाचा को राजनीतिक रूप से समाप्त करना चाहते हैं। यह तभी संभव है, जब वे चाचा से बारामती छीन लें क्योंकि चाचा की राजनीतिक गर्भनाल बारामती है। एक बार बारामती से चाचा को दूर किया तो पूरी राजनीतिक विरासत पर अजीत पवार का कब्जा हो जाएगा। तब सुप्रिया सुले को भी उनकी सरपरस्ती में आना होगा और यही शरद पवार नहीं चाहते। इसलिए शरद पवार सुप्रिया की जीत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे किंतु क्षेत्र में अजीत पवार का भी खासा समर्थक वर्ग है जो शरद पवार को चिंतित कर रहा है। राजनीतिक विरासत के चलते टूट चुके पवार परिवार की वैचारिक लड़ाई अब परिवार के अन्य सदस्यों के लिए भी दुविधा का कारण बन रही है। राजनीति ने तोड़ा पति-पत्नी का रिश्ता 2019 में लोकसभा चुनाव से पूर्व तृणमूल कांग्रेस के नेता सौमित्र खान ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था और विष्णुपुर लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद भी बन गए। उनके चुनाव प्रचार में उनकी पत्नी सुजाता मंडल ने दिन-रात एक कर दिए किंतु 2022 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान सुजाता मंडल ने भाजपा छोड़कर तृणमूल कांग्रेस की सदस्यता ले ली जिससे उखड़कर सौमित्र खान ने सुजाता मंडल से तलाक ले लिया। दोनों राजनीति की अलग-अलग पटरियों पर सरपट दौड़ रहे थे किंतु लोकसभा चुनाव ने दोनों को पुनः एक-दूसरे के सामने ला खड़ा किया। सौमित्र खान विष्णुपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं जबकि सुजाता मंडल को तृणमूल कांग्रेस ने इसी लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। अब दोनों पति पत्नी एक-दूसरे पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं जबकि दोनों ने 2016 में प्रेम विवाह किया था।

कई बार यह भड़ास एक-दूसरे को नीचा दिखाने तक भी पहुंच रही है जिसे क्षेत्र की जनता चटखारे लेकर सुन रही है। ये चंद उदाहरण पर्याप्त हैं राजनीति में आई गिरावट को पुष्ट करने के लिए। एक समय प्रतिद्वंद्वी आपसी सम्मान तथा वैचारिक मतभिन्नता को राजनीतिक लाभ-हानि के आड़े नहीं आने देते थे किंतु अब राजनीतिक मतभिन्नता पारिवारिक रिश्तों पर भारी पड़ने लगी है। चूंकि वर्तमान में राजनीति सत्तासुख का पर्याय बन गई है अतः रिश्तों को भी अधिक फर्क नहीं पड़ रहा। सभी मात्र सत्तासुख के भूखे हैं और येन-केन-प्रकारेण स्वयं सत्ता सुख भोगना चाहते हैं, फिर भले ही पारिवारिक मूल्यों तथा रिश्तों की बलि ही क्यों न चढ़ जाए। कभी नेहरु गांधी परिवार में निजी रिश्तों में खटास की वजह से संजय गांधी और राजीव गांधी के परिवार ने अपना रास्ता अलग कर लिया था। आज अलग होकर भी अपनी जीत सुनिश्चित करने का यह नशा नीचे तक पहुंच चुका है।

धूमधाम ने मनाई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की आठवीं वर्षगांठ

सुसज्जित झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं। शिव शक्ति आध्यात्मिक ट्रस्ट के तत्वाधान में मोहल्ला चौबे स्थित प्राचीन शक्तिपीठ देवी मठिया में माँ दुर्गा एवं माँ काली, हनुमान बाबा, शनिदेव, शिवलिंग एवं साई बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की आठवीं वर्षगाँठ पर भव्य शोभायात्रा एवं सांई बाबा पालकी धूमधाम से निकली गयी। जिसका लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

शिव शक्ति आध्यात्मिक ट्रस्ट के संरक्षक अजीत शंखधार एवं अध्यक्ष पं. अमन मयंक शर्मा ने बताया कि शोभा यात्रा का शुभारम्भ देवी मठिया पर नारियल फोड़कर किया गया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में नौ कुण्डीय यज्ञ का आयोजन पंडित कृष्ण गोपाल शर्मा एवं पंडित उमेश शर्मा द्वारा मुख्य यजमान अजीत शंखधार, मयंक शंखधार, गौरव पाठक एवं अमन मयंक शर्मा के द्वारा किया गया। इसके पश्चात शोभायात्रा एवं साई बाबा पालकी मोहल्ला चौबे से टिकटगंज, काली सड़क, मड़ई चौक, हलवाई चौक, शास्त्री चौक, सुभाष चौक, आर्य समाज एवं भरत मिलाप गली होते हुए देवी मठिया मंदिर पर विश्राम हुयी। शोभायात्रा में भगवान गणेश, भगवान शंकर की झांकी, काली अखाड़ा, हनुमान झांकी, वृन्दावन से आये हुए कलाकारों द्वारा कृष्ण लीला, हनुमान लीला एवं साई बाबा पालकी सहित तमाम झाँकिया रही। शोभा यात्रा का स्वागत सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के पुत्र विश्वजीत गुप्ता एवं दीपमाला गोयल आदि ने पुष्पवर्षा से किया। इस अवसर पर संतोष शर्मा, राजू शर्मा, अशोक गुप्ता, सुमित शंखधार, रिक्की अनेजा, अनूप सोनी, अनीता शंखधार, मयंक शंखधार, राधा गुप्ता, अनमोल शंखधार, सुरेंद्र रावत, गीता शर्मा, नीरु शर्मा, गीता शर्मा, सुजीत शंखधार, मीनू शंखधार, रमेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, शशिकांत रावत, माधुरी गुप्ता व दिलीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नगर में गाजे-बाजे संग निकली श्रीहनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा

केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मंत्री आदि अतिथियों ने आरती-वंदन किया

अमर प्रभात संवाद

उझानी ।श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को नगर क्षेत्र में दर्जनों सुसज्जित झांकियों और देवस्वरूपों की उपस्थिति में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री बीएल वर्मा तथा पूर्व राज्यमंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल ने आरती-वंदन किया।

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित यह धार्मिक यात्रा सायंकाल मुख्य तिराहा स्थित पंचमुखी ब्र्हम्धाम से शुरू हुई थी।जिसमे दर्जनो स्वचलित झांकियां तथा बैंडबाजो की संगीतमय प्रस्तुती आकर्षण का केंद्र बनी रही।श्रीहनुमान महोत्सव के मौके पर जहां नगर पालिका प्रशासन ने यात्रा मार्ग विशेष सफाई अभियान सुचारू रखा तो वहीं धर्मप्रेमी लोगो ने यात्रा मार्ग पर जगह-जगह खान-पण के स्टाल लगाकर जनसेवा करके पुण्य अर्जित किया।इस धार्मिक शोभायात्रा में काली का अखाडा, श्रीराम सीता लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न परिवार की झांकी, गणेश-पार्वती,बजरंग बली और दुर्गा आदि देवो की झांकी मनमोहक रही। इस पारंपरिक शोभायात्रा में पंडित सुरेश चन्द्र मिश्रा, उत्तम मिश्रा, आलोक मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, वैभव चतुर्वेदी,सचिन अग्रवाल, शिव किशोर माहेश्वरी उर्फ टामसन,आयोजक राजेंद्र प्रसाद वर्मा उर्फ बाबा, संजय मित्तल, दीपक सिघल, मनीष गोयल, सिदार्थ गोयल, राजकुमार माहेश्वरी आदि समेत हजारो की संख्या में बजरंगबली के भक्तजन सक्रिय रहे।

संतोषजनक कार्य के अभाव में पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों से जबाव तलब

अमर प्रभात संवाद

उझानी । विकास खंड क्षेत्र में आहूत मनरेगा योजना सम्बंधी कार्यो के शनिवार को समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।इस के तहत संतोषजनक कार्य आभाव वाले स्थानों पर ग्राम पंचायत सचिव तथा तोजगार सेवको को नोटिस जारी करके उनसे जबाव माँगा गया है।उल्लेखनीय रहे कि क्षेत्र में मनरेगा के तहत किए गए कार्यो की समीक्षा खंड विकास अधिकारी शैली गोविल की ओर से की गयी।इस मौके पर उनके द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात ग्राम पंचायत सचिवो व रोजगार सेवको को निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति न करने पर दो दिन के अंदर जबावदेही हेतु नोटिस जारी किए गए है।इस आकस्मिक निर्णय से रोजगार सेवको व सचिवो में हडकंप मचा हुआ है।बतादें इस कार्यवाही की जद में मौजमपुर नेहनगर, तेहरा, गंगोरा, जजपुरा, मिहौना, जमरौली, फुलासी आदि क्षेत्रों में संतोषजनक मनरेगा कार्य से असंतुष्ट अधिकारी ने यह कार्यवाही अम्ल की है।

चौकी म्याऊं पर कही जंग न खा जाए असलाह

अमर प्रभात संवाद

म्याऊं। थाना अलापुर की पुलिस चौकी म्याऊं पर असलाह लेकर चलने में पुलिस अपनी तौहीन समझती है और असलाह मालखाने में रखे जंग खा रहे है।

आपको बता दे कि अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश बहुत पहले दे चुके है कि कोई भी सिपाही क्षेत्र में जाएगा तो असलाह साथ लेकर जाएगा पर चौकी पुलिस के सिपाही पर कोई फर्क भी नहीं है। लोगों ने बताया कि यह दिन तो दिन रात को भी असलाह निकालने में तौहीन समझते है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि चौकी इंचार्ज तो आपको वर्दी असलाह समेत दुरुस्त नजर आएंगे पर सिपाही पर कोई असलाह देखने को नही मिलेगा। पहले चौकी पुलिस उसहैत रोड, उसावां रोड, दातागंज रोड पर अक्सर देखने को मिल जाती थी तो अपराधी भी किनारे नजर आते थे। अब तो पुलिस चौकी पर पुलिस देखने को मिल जाएगी या सब इंस्पेक्टर तिराहे पर खड़े मिल जायेंगे। बाकी पुलिस आराम करती रहती है। बात करे हम रात्रि की तो पहले गली-गली में पुलिस सीटी बजाकर लोगों को समय-समय पर आगाह करती रहती थी। अब सीटी तो दूर पुलिस अपनी न्यू मॉडल की नजर आती है। शाम होते ही पुलिस रंगीन हो जाती है तो असलाह बोझ नजर आता है। लोगों का कहना है कि ऐसे तो असलाह रखे-रखे ही जंग खा जायेंगे।

सड़क हादसे में ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त, बुजुर्ग घायल

बदायूं। बीती शाम एक तेजगति प्राइवेट बस की टक्कर से ई-रिक्शा वाहन सड़क किनारे पलट गया।इस दौरान उसपर सवार बुजुर्ग के गम्भीर घायल होने पर उन्हें दहगवां क्षेत्रामार्गत निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया।अवगत करादें कि यह सड़क शुक्रवार की देरशाम जरीफनगर क्षेत्र में मेरठ मार्ग का रहा।पता चला हैकि ग्राम जतकी निवासी सुरेश अपने ई-रिक्शा से सवारी ले जारहा था इसी समय उसके वाहन में प्राइवेट बस चालक ने टक्कर मारदी और मौके से भाग गया था।इसके वाहन पलटने से उसमे बैठी बुजुर्ग रमेश गुप्ता के घायल होने पर तत्कालुन्हे निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिलाया गया।इस घटना की बाबत बुजुर्ग व्यक्ति के भतीजे अवनीश कुमार ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

गर्म पछुआ हवा चलने से जनजीवन प्रभावित

उमस व गर्मी बढने से पेय पदार्थो की डिमांड बढ़ी

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं। जिले का मौसम लोगो के पसीने छुड़ाने लगा है।लगातार पछुआ हवा चलनेसे गर्मी का तापमान बढ़ने लगा है।इस समय सूरज की किरणे सीधे जमीन पर पड़ने से आमजन उमस और तपिस से बेहाल हो रहा है। ध्यान रहे कि इन दिनों पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय तो हुए किन्तु आशातीत वारिश ना होने से अब जनजीवन कई प्रभावित दिख रहा है।

ध्यान देंकि जनपद में भीषण गर्मी की शुरुआत हो चुकी है।इस वक्त सुबह से ही धूप की तेजी असर दिखाने लगी है।हालात यह बन रहे हैकि अपराह्न के समय ही तापमान 28-30 डिग्री के पार पहुच रहा है।तो दोपहर तक धूप तनबदन झुलसाती प्रतीत होती है।जिसकी बझ से जिले की व्यस्त सड़कें भी सूनी हो चलीं है।वर्तमान पछुआ हवा में भी अच्छी खासी गर्माहट बनी हुई है जो कि दिन ढलने के बाद भी शाम तक जारी रहती है।मौसम विघ्यानियों की माने तो हाल-फिलहाल इस भयंकर तपिश भरी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद फिजूल है।शनिवार को भी तेज गर्म हवाओं के बीच अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहा।यहाँ ध्यान दें कि गर्मी भरे सीजन में अब मुख्य सडको के अलावा गली मोहल्लों में बर्फ,आइसक्रीम,गन्ने का रस और दुकानों पे शीतल पेय पदार्थो की डिमांड बढ़ने लगी है।

बच्चों को प्रकृति से प्रेम होना जरूरी है : प्रधानाचार्य

अमर प्रभात संवाद

बिल्सी। नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज के प्राइमरी विभाग में कक्षा पीजी व एनसी तक के बच्चों के मध्य मुस्कुराते हुए कार्टून की छवि बनाई एवं कक्षा दो के बच्चों के मध्य समय की घड़ी बनाई गई। जिसमें बच्चों के लिए आयोजित विशेष प्रकार की गतिविधियां में बच्चों को समय का मूल्य व महत्व के बारे बताया गया।

कक्षा पांच के बच्चों को विद्यालय की नवीन भवन में ले जाकर लैब के शिक्षक सुनील कुमार ने जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व कंप्यूटर लैब का शैक्षणिक भ्रमण कराया। पीटीआई अंतिमा सोलंकी, अमित मिश्रा ने बच्चों के मध्य खेल खिलाएं। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रकृति से प्रेम होना जरूरी है एवं शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए महत्व पूर्ण है एवं समय का बहुत ही बड़ा महत्व होता है जो हर समय पर कार्य करना चाहिए। इस मौके पर सीमा वर्मा, देव सिंह, लक्ष्मी शर्मा, तबस्सुम खान, अंशिका माहेश्वरी, मानवेंद्र शर्मा, पीयूष यादव, निशा शर्मा, निधि गुप्ता, नीलम माहेश्वरी, रोहित सिंह,पूजा माहेश्वरी, रोमा आर्य, कविता, वर्षा, प्रिया, मेघा शर्मा व अवनेश राघव आदि मौजूद रहे।

स्कूल में हुआ इंग्लिश कैलीग्राफी कॉम्पिटीशन

अमर प्रभात सवांद

बिल्सी। बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल (एफएलएस) में शनिवार को इंग्लिश कैलीग्राफी कॉम्पिटीशन कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। शिक्षक ने पाठ से एक अनुच्छेद लिखने के लिए दिया। शिक्षकों द्वारा लेखन शैली, वक्र और पैटर्न और सौंदर्यीकरण के आधार पर मूल्यांकन किया गया। कक्षा तीन से बॉबी, दृष्टि सिन्हा, कक्षा चार से माधव उपाध्याय, कक्षा पांच से आराध्या शर्मा, कक्षा छह से माधव बिरला, कक्षा सात से अनुष्का चौहान और कक्षा आठ से मन कुमार सिंह ने इंग्लिश कैलीग्राफी कॉम्पिटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पीजी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों ने कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया। डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि लेखन की कला एक चमत्कारी कौशल है। इस मौके पर एमडी राहुल कुमार सिंह व प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

अधिवक्ता फरशोरी को साथियों ने दी बधाई

बदायूं। शहर के मोहल्ला फरशोरी टोला के रहने वाले पंजाब नेशनल बैंक के उप प्रबंधक मंजर फरशोरी के पुत्र उमेद फारशोरी की शुक्रवार को एडवोकेट बैंड सेरेमनी वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व बार सचिव पवन कुमार गुप्ता द्वारा की गई। इस अवसर पर एडवोकेट उमेद के पिता मंजर फरशोरी, महज़र फरशोरी, अधिवक्तागण मौजूद रहे। अधिवक्ता पवन कुमार गुप्ता के साथ मौजूद अधिवक्ताओं ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस मौके पर मिष्ठान वितरण किया।

ठेके पर गिलास मांगने पर ग्राहक का सिर फोड़ा

उझानी । शनिवार की दोपहर नगर देशी शराव की दुकान संचालक से ग्राहक को गिलास मांगना भारी पड़ गया।आरोप हैकि स्टाफ ने ग्राहक को पीटकर उसका सिर फोड़ दिया जिससे के बाद उसे अपताल में प्राथमिक उपचार दिया गया।पता चला हैकि नगर के मानकपुर रोड का रहने वाला युवक आरिफ शनिवार को देशी शराव का पौब्बा लेने गया था।इस दौरान गिलास मांगने विवाद उपजने से दोनो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी ।इसके चलते ग्राहक आरिफ का सिर फट गया और दुकान संचालक भी चुटहिल हुआ है। इस मामले में दोनो ओर से कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गयी है।

छात्रवृति परीक्षा में चयन होने पर मनाई खुशी

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में विकास खंड सालारपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिनावर के चार विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिनावर की दो छात्राएं खुशनुमा और रौनक तथा दो छात्र इमरान और विजय का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में चयन हुआ है। आज यह सभी छात्र अपनी खुशी साझा करने अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचे। बच्चों, अभिभावकों और अध्यापको ने आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी को बांटा। चारों बच्चों ने परीक्षा की तैयारी से संबंधित अपने अनुभव विद्यालय के बच्चों के साथ साझा किये। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक तलत अंसारी, प्रीति माहेश्वरी, हिना अनवार, निधि, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

अवैध खनन जोरों पर, पुलिस और खनन विभाग मौन

अमर प्रभात संवाद

मुजरिया। क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का काम तेजी से चल रहा है। कृषि कार्य के लिए उपयोग में आने वाली ट्रॉली मिट्टी खनन के काम आ रही हैं। पुलिस और खनन विभाग के जिम्मेदारों की चुप्पी सवालिया निशान खड़ा करती है।

मुजरिया के अवैध खनन के ब्लैक स्पॉट मुजरिया बिल्सी मार्ग पर फतुल्लगंज, नैथुआ, बागरपुर, सिलारपुर, बिचोला सहित दर्जनों जगहों से अवैध रूप से मिट्टी का खनन लगातार किया जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व प्रशानिक रूप से आदेश निकला था कि ट्रेक्टर ट्राली केवल निजी कृषि कार्य के लिए उपयोग में लाई जाएगी अन्यथा प्रशासन द्वारा चालान किए जाने के आदेश हुए थे लेकिन खनन माफिया आदेशों को दरकिनार करके सक्रिय हैं। आमतौर पर देखा गया है की ट्राली वाले के पास ईंट भट्ठा मालिक की फर्जी परमिशन होती है जिसके सहारे सभी को चकमा देते रहते हैं। इधर पुलिस प्रशासन की चुप्पी कुछ अलग बयां करती है। क्षेत्र वासियों ने भी खनन विभाग और पुलिस की सुस्ती के प्रति रोष है।

चोला चढ़ाकर किया बालाजी महाराज का पाठ

बिल्सी। नगर के तहसील रोड स्थित शिव शक्ति ओम मंदिर पर शनिवार को श्री बालाजी भक्त मंडली के सेवादारों ने बालाजी महाराज पर चोला चढ़ाया। यहां सबसे पहले श्री बालाजी महाराज को गंगा जल से स्नान कराया गया। फिर राम नाम का जप करते हुए बाबा को चोला चढ़ाने का कार्य शुरू किया गया। फिर बाबा को चांदी के वर्क अर्पण कर श्रृंगार किया गया। भक्तों का कहना है कि जो भी व्यक्ति बालाजी महाराज पर चोला चढ़ाता है। उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। बाद में यहां हुनमान चालीसा का पाठ करके आरती करके सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर सौरभ देवल, जितेन्द्र शर्मा, मंयक गुप्ता, अभिषेक देवल, निशांत देवल, ऋतिक देवल, उदयराज कोहली व सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

कालेज में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं। हैप्पी भारत संकल्प फाउंडेशन ने डा. फोर्ड पैथलैब्स के सहयोग से जेएस कॉलेज में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में विभिन्न परीक्षण करके लोगों को उचित परामर्श दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर में डा. कृष्णा जौहरी, डा. नम्रता जौहरी, डा. अनुष्का साहु, डा. शशांक माहेश्वरी और डा. मयंक माहेश्वरी ने रक्त परीक्षण, स्वास्थ्य जांच और परामर्श सहित कई मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को प्रदान की।

डा. कृष्णा जौहरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन हमें उन समुदायों तक पहुंचने की अनुमति देते हैं जिन्हें चिकित्सा सेवाओं की सख्त जरूरत है, लेकिन उनके पास नियमित रूप से उन तक पहुंचने के साधन नहीं हैं। लोगों को ओरल कैंसर, इसके चेतावनी संकेतों और निवारक रणनीतियों के बारे में भी जानकारी दी गयी।

हाउस बोर्ड के माध्यम से विकास का संदेश दिया

बदायूं। मदर एथीना स्कूल में विद्यालय के चार हाउस सत्या, कर्मा, शौर्या एवं विवेका हाउस के लिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर संदेश देने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रत्येक हाउस के विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही आकर्षक, क्रियात्मक एवं कलात्मक कृतियों की रचना कर अद्भुत एवं ज्ञानवर्धक संदेश प्रस्तुत करते हुए अपने-अपने हाउस बोर्ड को सजाया गया।

स्काउट संस्था ने कुष्ठ रोगियों को बांटा सामान

बदायूं। भारत स्काउट और गाइड और इंडियन स्काउट और गाइड फैलोशिप के तत्वावधान में कछला स्थित कुष्ठाश्रम पर कुष्ठ रोगियों को भोजन और दैनिक उपयोग का सामान वितरण किया गया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना के नेतृत्व में पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा, महीपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, निखिल सिंह चौहान, पूर्वी सक्सेना और हरपाल सिंह आदि की टीम कछला स्थित मानव सेवा समिति कुष्ठाश्रम, बड़ी गंगा कुष्ठाश्रम पहुंची। टीम ने कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया साथ ही नहाने, कपड़े धोने का साबुन, पट्टियां, दवाईयां, चाय की पत्ती आदि सामान वितरण किया।

श्याम बाबा भजनों पर जमकर झूमे भक्त

आरती के बाद किया प्रसाद का वितरण

अमर प्रभात संवाद

बिल्सी। तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई में शुक्रवार को भिलौलिया-स्वरुपपुर मार्ग पर बने नए मंदिर में खाटू श्याम बाबा समेत कई देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा यहां धूमधाम से संपन्न हुई। रात को यहां बाबा के भक्तों द्वारा एक भव्य संकीर्तन आयोजित किया गया। इसमें भक्त बाबा की भजनों पर जमकर झूमे।

संकीर्तन में सबसे पहले खाटू श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार सेवा बृजेश गुप्ता द्वारा की गई। उसके बाद बाबा के भव्य दरबार को सजाया गया और यहां अनमोल वार्ष्णेय ने 56 भोग लगाया। इसके बाद भक्तों ने बाबा की अखंड ज्योति को प्रज्ज्वलित किया। साथ ही पूजा-अर्चना की। गायक कलाकार तान्या शुक्ला और दीपांशु गुप्ता ने बाबा का गुणगान किया। बीच-बीच में यहां बाबा की भव्य झांकी भी पेश की गई। इसके बाद देर रात आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर गद्दी सेवादार रामू शर्मा, कृष्ण गोपाल गुप्ता, नवीन गुप्ता, दीपांशु गुप्ता, पुलकित कुमार, सुमित गुप्ता, विकास कुमार, योगेश बाबू, मुकेश गुप्ता, राजू, मनीष, तुलसीराम, नंदिनी वार्ष्णेय, राधा रानी, सोनम गुप्ता, मालती देवी, जयपाल, मोनिका, राजबाला, प्रेमवती, सुशीला देवी, रिमझिम, हर्षित, आदित्य व नरेश आदि मौजूद रहे।

गुम हुआ कीमती मोबाइल वापिस पाकर परिजन खुश

अमर प्रभात संवाद

बिसौली। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन और एसपी देहात के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस टीम ने बीते दिनों गुम हुआ कीमती मोबाइल ढूंढकर परिजन के सुपुर्द किया है।बतादें कि प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह अहलावत की अगुवाई में वीवो कम्पनी का एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया । जिसकी कीमत करीब 35 हजाररुपये हैं ।फोनमालिक वर्तमान में दिल्ली निवासी हैं ।शनिवार को सूचना पाकर कोत्वाल्री पहुंचे फ़ोन मालिक को प्रभारी निरीक्षक ने जब गुम हुआ उनका मोबाईल लौटाया तो प्रश्नं मुद्रा में दिल्लीवासी से पुलिस टीम की भरपूर प्रशंसा कर धन्यबाद दिया।

तीव्रगति ईको कार की टक्कर से घायल बुजुर्ग ने दम तोड़ा

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं । घर से बाल कटाने निकले एक वृद्ध को तेजगति अनियंत्रित ईको कार ने अपनी चपेट में लिया।इसके बाद कार भी आगे जाकर पलट गयी।इसमें से निकलकर चालक मौके से फरार हो गया जबकि हादसे के शिकार बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।जिसकी सूचना मिलने पर घर-परिवार में कोहराम मच गया।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर दोषी चालक की तलाश शुरू की है। यह सड़क हादसा शुक्रबार को बिल्सी-बिसौली मार्ग पर ग्राम परौली के आसपास का रहा। बताते हैकि ग्राम परौली निवासी 65 वर्षीय मोहरसिंह घर से शेविंग कराने की बात कहकर निकले थे।इसी समय एक तेजरफ्तार ईको कार चालक ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर काफी दूर जा गिरे।टक्कर होने के बाद अनियंत्रित हुई कार आगे जाकर खाई में पलट गयी। किन्तु चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस ने शब को पोस्टमार्टम को भिजवाया तथा वहां को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू करदी है।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सीकरी में संचालित गौशाला की गोबर खाद की नीलामी दिनांक 29.04.2024 की पूर्वान्ह 11 बजे पंचायत भवन सीकरी पर की जायेगी।

गजेन्द्र पाल सिंह — सचिव

कमलेश — प्रधान

ग्राम पंचायत सीकरी विकास खण्डआसफपुर बदायूं

लोकतंत्र में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण, सभी करें मतदान : नगर मजिस्ट्रेट

स्वीप मैराथन दौड़ के माध्यम से दिया मतदान करने का संदेश

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं। मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देने के लिए शनिवार को स्वीप मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन को कलेक्ट्रेट परिसर से नगर मजिस्ट्रेट अरूण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ कलेक्ट्रेट से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राजकीय इण्टर कॉलेज पर समाप्त हुई। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा स्वीप मैराथन में शामिल सभी प्रतिभागियों को मतदान करने की शपथ भी ग्रहण करायी गयी। हस्ताक्षर अभियान अन्तर्गत अधिकारियों, कर्मचारियों, वृद्धजनों, महिलाओं व युवा शक्ति आदि ने हस्ताक्षर भी किए।

राजकीय इण्टर कालेज में मैराथन में सम्मिलित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए नगर मजिस्ट्रेट अरूण कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर जागरूकता का सघन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व की मजबूती के लिए सभी मतदाता अपना मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मैराथन दौड़ का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक मतदाता तक संदेश पहुंचे ताकि सभी लोग लोकसभा चुनाव में मतदान करें एवं सभी अपने पास पड़ोस में रहने वाले, रिश्तेदारों को भी जागरुक करें कि वह मतदान के दिन अपना वोट डालने अवश्य जाएं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं का दायित्व है कि वे अपने परिवार और समाज को इस संबंध में जागरूक करें। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग सुविधा के बारे में भी जानकारी दी।

मैराथन दौड़ जेल तिराहा, पुलिस लाइन चौराहा, इन्द्रा चौक, कश्मीरी चौक, गाँधी ग्राउण्ड चौराहा, छः सड़का, लावेला चौक, वन विभाग रोड होते हुए राजकीय इण्टर कालेज में पहुँची। इसमें एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड, खिलाड़ी, विभिन्न विभागों के कार्मिक और आमजन की भागीदारी रही। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में मतदाता जागरूकता से जुड़ी तख्तियां लेकर लगभग तीन किलोमीटर दौड़ लगाई।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रवेश कुमार, नोडल अधिकारी मैराथन क्रीड़ाधिकारी अमित रिछारिया, राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य गुलनवाज आलम, इस्लामियां कालेज के प्रधानाचार्य अब्दुल सुबूर खां, सहप्रभारी स्वीप सरवर अली, डा. पंकज कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक रामदास यादव, राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त शिक्षिका संगीता शर्मा, दिनेश पाल व सुबोध सुमन आदि मौजूद रहे।

हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम हुआ निर्धारित

प्रथम प्रशिक्षण 28 अप्रैल, द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल को होगा

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं। ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ. ख़ालिद ने जानकारी दी है हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा हज प्रशिक्षण, टीकाकरण कार्यक्रम 20 अप्रेल से 30 अप्रेल तक कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त हज यात्रियों को हज-2024 के लिए हज यात्रियों को प्रथम प्रशिक्षण 28 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक मदरसा शाहे विलायत छोटे सरकार रोड क़बूलपुरा में तथा द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक अल-फ़ारिया अस्पताल (बेसमेन्ट) लालपुल कचहेरी रोड नाहर ख़ाँ सरायं में दिया जायेगा। समस्त हज यात्रियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि ज़िला महिला चिकित्सालय स्थित अचल केन्द्र में हज यात्रियो को मैनिनगोकॉकल मैनिनजाइटिस वैक्सीन तथा सीजनल इन्फ्लुएन्जा वैक्सीन 30 अप्रेल तथा 01 मई को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक किया जाएगा। सभी हज यात्री ससमय पहुंच कर वैक्सीन, टीकाकरण अवश्य करायें। उन्होंने बताया कि हज 2024 की यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को वैक्सीन, टीकाकरण के लिए अपने साथ आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो, ब्लड ग्रुप रिपोर्ट और कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्ड लाना अनिवार्य है।

जिले के अलग-अलग स्थानों पर चोरों का तांडव बरपा

नकाबपोश बदमाशों ने अधिवक्ता के परिजनों को बंधक बनाकर की लूटपाट

- उसहैत क्षेत्र में बैंक के जनरेटर से कलपुर्जे चोरी
- मुजरिया में भी मशीनरी स्टोर बनी चोरों का निशाना

अमर प्रभात संवाद

फैजगंज बेहटा। आसफपुर थाना क्षेत्र के गांव हबीब पुर में शुक्रवार की रात आधा दर्जन सशस्त्र बदमाशो ने छत के रास्ते घर में उतरने के बाद परिजनों को बंधक बनाया।इसके बाद घर में माल=जेवर को खंगालकर अपने साथ ले गये है।भुग्तभोगी परिवार ने करीब आठ लाख की चोरी का हवाला देकर पुलिस को तहरीर दी है। घटना की सूचना के बाद बिसौली सीओ और एसओजी टीम भी मौके पर पहुंची है,

गौरतलब होकि यह बारदात ग्राम हबीबपुर निवासी दिग्विजय सिंह और उनके परिजनों के साथ पेश आई है।बतादें कि भुक्तभोगी परिवार धनाढ्य परिवारों की श्रेणी में गिना जाता है, तथा दिग्विजय सिंह पेशे से वकील है।शुक्रवार की रात में अधिवक्ता का परिवार मकान में सोया हुआ था।वहीं दिग्विजय सिंह के भतीज बहु सीमा पत्नी मुनीश किसी कंपटीशन की तैयारी को पढ़ रही थी।तभी आधी रात के समय नकाबपोश अज्ञात हथियारबंद लोग छत के रास्ते घर में प्रविष्ट हुए।जिन्होंने महिला सीमा एमेत अन्य को गन प्वाइंट पर लेकर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, घर में उस समय दिग्विजय सिंह की बेटी शीला अपने कमरे में सोई हुई थी, बदमाश सीमा के कमरे में दाखिल हो गए, और हथियारों के बल पर सेफ की चाबी ले ली, सेफ से बदमाशो ने 2.50 लाख की नगदी सहित, सोने का एक हार, सोने की एक जंजीर, एक टीका, मंगल सूत्र , सोने की 7 अंगूठी, एक नथ सोने की, एक जोड़ी सोने के झाले लूट कर ले गए, बदमाशो द्वारा लूटे गए सामान की कीमत लगभग 8 लाख आंकी जा रही है, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है, बही बिसौली सीओ सुनील कुमार और एसओजी टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है, घटना के बाद से गांव सहित इलाके में दहशत पैदा हो गई है, इधर इस चर्चित घटना के बारे में थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह का मानना हैकि लूटपाट की घटना संदिग्ध लग रहा है।आपसी परिवार का मामला है फिर भी जांचोपरांत इस घटना से जल्दी ही पर्दा उठा दिया जाएगा।

उसहैत संवाददाता के अनुसार स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक के बाहर गेट पर चपरासी और होमगार्ड जवान की ड्यूटी के बाबजूद यहाँ लगे जनरेटर से चोर कलपुर्जे व बैटरी चुराकर फरार हो गए।इस चोरी की जानकारी बैंक स्टाफ को तब हुई, जब लाईट ने ट्रेप ले लिया। जिसके बाद शाखा प्रबंधक ने कैमरे खंगाले तो दो अज्ञात लड़के आए थे जिनमे एक लड़का बैंक शाखा में काफी देर तक अंदर बैठा रहा। और एक लड़का बाहर खड़ा रहा। जिसके बाद में मौका देखते ही दोनो चोरों ने जनरेटर की बैटरी लेकर फरार हो गए।मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी है।

मुजरिया थाना क्षेत्र के उझानी मार्ग स्थित एक मशीनरी स्टोर की दुकान की पीछे की किबाड़ को तोड़कर चोरों ने उसमे घुसने का प्रयास किया जबकि निकट वाली दूसरी दुकान में कूमल लगाकर चोर भीतर घुस गए थे,लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। इस मामले में ग्राम जिझाहट निवासी दुकानदार नीरज पुत्र ब्रजपाल ने अपनी मशीनरी स्टोर की दुकान में हुए चोरी के प्रयास की लिखित सूचना थाना पुलिस को दी है।पीछे से जीबाद काटकर घुसने का प्रयास विफल रहा।

अध्यापक की बाइक ट्रैक्टर से टकराई, तीनों बाइक सवार घायल

पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

अमर प्रभात संवाद

म्याऊं। थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम ढका की पुलिया के निकट बाइक ट्रेक्टर से टकराने से बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसर अध्यापक श्री कृष्ण पुत्र भूपाल दास निवासी कादरगंज गंजडूडवारा अपनी साली सपना पत्नी गंगादीन निवासी कटरा शाहदत गंज को उसके मायके नवीगंज थाना उसावां से अपनी बाइक से लेकर जा रहे थे। उनके साथ बाइक पर मासूम बच्चा वंश भी था। बताया जाता है कि ग्राम ढका की पुलिया के पास सिसौरा मोड़ की तरफ से आ रहे बगैर नंबर प्लेट की ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राली बाइक में टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार गिरकर घायल हो गये। राहगीरों ने घायलों को तत्काल उठाया। ग्रामीणों ने भागकर ट्रेक्टर को पकड़ लिया और चौकी म्याऊं अलापुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायलों को म्याऊं सीएचसी भेज दिया और ट्रेक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। घायल अध्यापक श्रीकृष्ण ने बताया कि वह कादरचौक के प्रा. विद्यालय म्यूनिस नगर के स्कूल में प्रधानाध्यापक है इस समय लोकसभा चुनाव में पीठासीन अधिकारी की ट्रेनिग कर रहे है। उन्होंने बताया कि वह नवीगंज से सपना को लेकर गंज डूडवारा जा रहा थे कि तभी वह हादसे का शिकार हो गये।

हाइवे पर छात्रा को बाइक सवार ने रौंदा, घायल

बिल्सी। कछला-शाहबाद हाइवे पर शनिवार को स्कूल की छुट्टी के बाद अपने गांव को पैदल जा रही मासूम छात्रा को रौंद दिया। जिससे वह घायल हो गई। जिसका उपचार नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां चल रही है। मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर मुकईया निवासी भूरे सिंह की पुत्री राधिका नगर के बुधसैन स्कूल में कक्षा दो में पढ़ती है। छुट्टी के बाद वह अपने गांव के बच्चों को साथ पैदल-पैदल गांव को जा रही है। बताया जाता है कि हाइवे पर जैसे ही वह बीडीवी इंटर कॉलेज के सामने पंहुची। तभी तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार ने उसे रौंद दिया। जिससे वह घायल हो गई। मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। साथ ही घायल हुई छात्रा राधिका को इलाज के लिए एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। बाइक सवार मौके से फरार हो गया। इसकी पुलिस जांच करने में जुट गई है।

निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिक फैसिलिटेशन सेन्टर में करें मतदान

बदायूं। अपर जिलाधिकारी वित्त, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन के परिपेक्ष्य में आयोग के निर्देशानुसार ऐसे मतदान कार्मिक जो मतदान ड्यूटी में लगे हैं और जिनका नाम 23-बदायूँ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में सम्मिलित है, ऐसे कार्मिको के लिए विधानसभावार पोस्टल बैलेट फैसिलिटेशन सेन्टर जनपद में निर्धारित कार्मिक प्रशिक्षण स्थल पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर (डायट) में स्थापित किये गये है। उन्होंने बताया कि इन फैसिलिटेशन सेन्टर पर अर्ह मतदान कार्मिक 24 अप्रैल से 02 मई के मध्य प्रातः 10.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

प्रेक्षक ने डाक मतपत्र व ईडीसी मतदान कार्यों का किया निरीक्षण

बदायूं। डायट परिसर में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर में निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों द्वारा डाक मतपत्र, इलैक्शन ड्यूटी सर्टीफिकेट (ईडीसी) के द्वारा किए जा रहे मतदान प्रक्रिया व कार्यों का निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक के के सुदामा राव, व्यय प्रेक्षक आर कुमारन, पुलिस प्रेक्षक प्रिंयका नरवरे एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने किया। सामान्य प्रेक्षक ने की जा रही मतदान प्रक्रिया पर अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप ही कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक दातागंज विजय कुमार मिश्र, जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह व जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजनम आदि मौजूद रहे।

पुलिस प्रेक्षक व डीईओ ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

बदायूं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में भेजी गई पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवरे व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निर्वाचन के दृष्टिगत स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित कार्मिकों से कहा कि वह भारत निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विज़िल एप के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी शिकायतों को प्राप्त कर उसका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

विवाहिता को पीटकर ससुरालीजनों पर जहर देने का आरोप

पीडिता को मायका पक्ष ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं । बीती रात ग्रामवासी एक विवाहिता को परिजनों ने गम्भीर दशा में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया।इस मामले में आरोप हैकि ससुराल पक्ष ने महिला की पिटाई के बाद उसे जहर देकर उसे जान से मारने का प्रयास किया है।

यह मामला थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के ग्राम इकलहरी का बताया जा रहा है जहां ससुराल पक्ष के लोगो ने विवाहिता प्रीती को बेल्ट से पीटा और उसे विषाक्त पदार्थ खाने को मजबूर किया।जिसकी सूचना पाकर पहुंचे मायका पक्ष ने पीडिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया हैझइस सम्बन्ध में गिधौल गावं (मूसाझाग) के रहने वाले पीड़िता प्रीती के भाई अनोज कुमार का कहना है कि बहन की शादी आठ साल पहले इकलहरी गावं में रवेंद्र के साथ की थी।बताया हैकि शुक्रवार की रात विवाहिता बहन प्रीती ने फोन कॉल करके बताया कि ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की है। जिससे उसके शरीर पर काफी चोटें आई तथा उसे कोई जहरीला पदार्थ भी खिलाया है।इसी सूचना के आधार पर पहुंचे प्रीती के परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराने के बाद थाना पुलिस को मामले की तहरीर दी है।

जमीन गंवाने के बाद न्याय को भटक रहा भुक्तभोगी

बदायूं। बीज विक्रेता से एक वेशकीमती जमीन का इकरारनामा कराने के बाद तीन लोगों ने रजिस्ट्री ओफ्फिस में साठ गाठ करके धोखाधड़ी कर डाली।इस मामले में विगत दिनों भुक्तभोगी की ओर से नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।इसके बाबजूद वो शीघ्र न्याय होने की बाट सजोये है। ध्यान दें कि शहर के मोहल्ला मीरा सराय निवासी जमुना प्रसाद की जोगीपुरा में खाद-बीज की दुकान है।दुकानदार का कहना हैकि उसकी एक कीमती भूमि का सौदा ग्राम कोटा निवासी व्यक्ति से 20 लाख में तय हो गया था।जिसके पश्चात क्रेता ने उपनिबंधक बीते वर्ष नवंबर में जमीन का इकरारनामा कराया था। इसी के बाद क्रेता कुंवरसेन आदि ने रजिस्ट्री ऑफिस में सैटिंग करके गम्भीर धोखाधड़ी कर दी है।जिसे लेकर जमुना प्रसाद ने 22 अप्रैल को नामजद मुकदमा दर्ज कराया हि जिसके जरिये बीज बिक्रेता को शीघ्र न्याय की आस है इसके लिए वो अफसरों के यहाँ गुहार करता आरहा है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

प्रेक्षक ने दिया पीठासीन व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण

लाइन में लगे सभी मतदाताओं को मिले वोट डालने का अवसर

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं। डायट स्थित ऑडिटोरियम में पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल, निर्विघ्न रूप से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि दिए गए दायित्वों का भली प्रकार अध्ययन कर आयोग की मंशा अनुरूप उसका निर्वहन भी करें। व्यय प्रेषक आर कुमारन, पुलिस प्रेक्षक प्रियंका नरवरे भी मौजूद रहे।

सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि पीठासीन अधिकारी को यह जानकारी आवश्यक है कि बूथ के अंदर आयोग द्वारा किसको प्रवेश के लिए अनुमन्य किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल वही व्यक्ति ही बूथ के अंदर प्रवेश करें यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदान समाप्ति समय पर जो भी मतदाता लाइन में लगे हैं उन सभी का वोट अवश्य पड़े यह भी सुनिश्चित किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि जनपद में आगामी 07 मई को मतदान है। पोलिंग पार्टियों 06 मई को मंडी समिति से रवाना होगी तथा मतदान समाप्ति के बाद वापस वहीं पर ही आएंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव से संबंधित विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक स्वस्थ व पवित्र परंपरा है और आप उसमें भागीदार बन रहे हैं इसलिए आप एक भाग्यशाली हैं।

मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने कहा कि पोलिंग एजेंट उसी बूथ का या निकटवर्ती बूथ का या अपवाद की दिशा में उसी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पोलिंग एजेंट की नियुक्ति प्रत्याशी अथवा उसके निर्वाचन एजेंट के नमूना हस्ताक्षर के आधार पर की जाती है। प्रत्येक प्रत्याशी को एक पोलिंग एजेंट तथा अधिकतम दो रिलीविंग एजेंट अनुमन्य हैं। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र में पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों को मतदान दिवस से एक दिन पूर्व व मतदान दिवस पर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी की पांच रिपोर्ट व चार घोषणाओं पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अधिकारी, पीठासीन एवं मतदान अधिकारी आदि मौजूद रहे।

23 बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पांच विधानसभाएं हैं

बदायूं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि 23 बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं जिनमें से बदायूं, बिसौली, सहसवान, बिल्सी तथा जनपद संभल की गुन्नौर विधानसभा गुन्नौर आती है। उन्होंने बताया कि 23 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 1367 मतदान केंद्र व 2117 मतदेय स्थल है। उन्होंने बताया कि 23 बदायूं संसदीय क्षेत्र में 1074637 पुरुष मतदाता, 933066 महिला मतदाता तथा 111 अन्य मतदाता इस प्रकार कुल 2007814 मतदाता हैं।

कार-ट्रैक्टर की भिड़त में व्यापारी नेता समेत दो घायल

बिल्सी। शुक्रवार की रात खितौरा-बिल्सी मार्ग पर स्थित गांव बरनी के पास कार और ट्रैक्टर की भिड़त हो गई। जिसमें कार में सवार व्यापारी नेता समेत दो लोग घायल हो गए। जिनका निजी चिकित्सक के यहां इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला संख्या एक टीचर्स कॉलोनी निवासी एवं व्यापारी नेता चंद्रसैन माहेश्वरी अपने बड़े भाई अशोक कुमार के साथ क्षेत्र के गांव खितौरा में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अपनी कार से करीब रात के नौ बजे जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार गांव बरनी के पास पंहुची। तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी कार की भिंड़त हो गई। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही दोनों भाई घायल हो गए। जिनका इलाज नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।

ठप रही नगर की बिजली

बिल्सी। शनिवार को उझानी से रिसौली उपकेंद्र को जा रही मुख्य लाइन में कुछ तकनीकी कार्य होने के कारण ब्रेक डाउन रहा। इससे नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब साढ़े चार घंटे ठप रही। जिससे लोगों को इस गर्मी में काफी परेशानी हुई। इससे बिल्सी नगर क्षेत्र के उपकेंद्र का भी शटडाउन लेना पड़ा। शाम करीब चार बजे आपूर्ति सुचारू कर दी गई।